राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 21
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
रविवार 21 दिसंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 32 कंपनियों पर की कार्रवाई
पेज 4 जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील अमरिया का सम्पूर्ण
पेज 6 हार्दिक ने युवराज का एक रिकार्ड तोड़ा

## संक्षिप्त खबरें

### इंडिगो 26 दिसंबर को यात्रियों को मुआवजा देगी

**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी इंडिगो 26 दिसंबर से उन यात्रियों को मुआवजा देगी, जो इस महीने की शुरुआत में एयरपोर्ट पर फंसे थे। मुआवजा 10 हजार रुपए के वाउचर के रूप में दिया जाएगा। पहले चरण में उन यात्रियों को भुगतान किया जाएगा, जिन्होंने इंडिगो की वेबसाइट से सीधे टिकट बुक किए थे। 1 से 9 दिसंबर के बीच इंडिगो ने 4,354 उड़ानें रद्द की थीं। प्रति उड़ान औसतन 150 यात्रियों के हिसाब से करीब 3.8 लाख यात्रियों को वाउचर मिल सकता है। इससे कंपनी पर कुल खर्च 376 करोड़ रुपए से अधिक हो सकता है।

### लुधियाना में दिनदहाड़े महिला की गोली मारकर हत्या

**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना में शनिवार की दोपहर करीब तीन बजे जीटीबी नगर मुंडियां में दिनदहाड़े महिला की हत्या की दी गई। महिला घर में अपनी बेटी के साथ थी। इसी दौरान एक युवक वहां आया और दोनों पर फायरिंग कर दी। बेटी ने किसी तरह अपनी जान बचाई, लेकिन महिला के सिर पर गोली लग गई। इसके बाद युवक वहां से भाग गया। गोली चलने की आवाज सुनकर पड़ोसी आए और घायल महिला को तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृतक करार दे दिया। इसकी जमालपुर थाना पुलिस को सूचना दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। उधर, मृतक महिला की पहचान पूनम पांडे के रूप में हुई है।



## हैप्पी मॉर्निंग

एक गांव का लड़का जो दिल्ली नौकरी करने गया,
अपने गांव वापस आया और अपने दोस्तों से बोला :
पता है जितनी भीड़ दिल्ली वालों की शादी में होती है, उससे ज्यादा भीड़ तो अपने यहां गांव में तब होती है जब खराब ट्रांसफॉर्मर ठीक होता है।



## शायरी

नजर वाले को हिन्दू और मुसलमान दिखता हैं
मैं अन्धा हूँ साहब मुझे तो हर शख्स में इंसान दिखता है !!

## अर्थसार



सेंसेक्स:
84,929.36
+447.55 (0.53%)
निफ्टी:
25,966.40
+150.85

## मौसम



अधिकतम : 20 डिग्री से0
न्यूनतम : 10 डिग्री से0
सूर्योदय सोमवार : 7 : 14
सूर्यास्त रविवार : 5 : 26

### विरोध मार्च



ऑल बंगाल इमाम मुअज्जिन एसोसिएशन और चैरिटेबल ट्रस्ट (पश्चिम बंगाल राज्य समिति) के सदस्य कोलकाता में वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 का विरोध करते हुए और वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा की मांग करते हुए एक विरोध मार्च में भाग लेते हुए।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर पैसेंजर से मारपीट, पायलट सस्पेंड

### यात्री का दावा- मामला खत्म करने का दबाव बनाया, खून से सना चेहरा देख बेटी सदमे में



**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर शुक्रवार को ऑफ-ड्यूटी पायलट ने एक यात्री से मारपीट की। इस घटना के बाद यात्री ने सोशल मीडिया पर अपने साथ हुए हादसे की जानकारी शेयर की। साथ ही पायलट के कपड़ों और अपने चोटिल चेहरे की तस्वीर भी पोस्ट की।

घटना के सामने आते ही सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। एअर इंडिया एक्सप्रेस ने भी पायलट कैप्टन वीरेंद्र सेजवाल को सस्पेंड कर दिया है।

एयरलाइन ने एक बयान में कहा है कि पायलट ड्यूटी पर नहीं था। वह दूसरी फ्लाइट का पैसेंजर था। हमने उसे हटा दिया है, जांच पूरी होने पर कार्रवाई होगी।

घटना के बाद यात्री अंकित दीवान ने एक पोस्ट लिखा। इसमें कहा कि मुझ पर मामला खत्म करने का दबाव बनाया गया। जबरदस्ती लेटर लिखवाया। अगर मैं ऐसा नहीं करता तो मुझे फ्लाइट छोड़नी पड़ती।

अंकित ने ये भी बताया कि मेरी 7 साल की बेटी ने अपने पिता को पिटते और मेरे खून से सने चेहरे को देखा। इसके बाद से वह सदमे में है।

पैसेंजर ने शनिवार को एक और पोस्ट में पायलट का वीडियो शेयर किया है। उन्होंने लिखा है कि मुझे उम्मीद है कि एयरलाइन आगे की कार्रवाई करेगी।

### सोनिया गांधी ने लगाया आरोप

## 'मनरेगा पर सरकार ने मनमाने तरीके से चलाया बुलडोजर'



नई दिल्ली। मनरेगा की जगह लाए गए वीबी-जी राम जी विधेयक संसद से पारित होने के बाद भी इसका विरोध फिलहाल थमता नजर नहीं आ रहा। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आरोप लगाया है कि मनमाने तरीके से कानून पारित कर सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया है। जी राम जी को काला कानून बताते हुए इसके खिलाफ कांग्रेस की लड़ाई में शामिल होने की प्रतिबद्धता भी जताई।

शीत सत्र समाप्त होने के एक दिन बाद शनिवार को एक वीडियो संदेश में सोनिया गांधी ने मनरेगा को खत्म करने के लिए सरकार पर तीखा प्रहार किया। कहा कि मुझे आज भी याद है, जब 20 साल पहले डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे, तब संसद में मनरेगा कानून आम राय से पारित किया गया था। यह ऐसा क्रांतिकारी कदम था, जिसका फायदा करोड़ों ग्रामीण परिवारों को मिला।

खासतौर पर वंचित, शोषित, गरीब और अति गरीब लोगों के लिए रोजी-रोटी का जरिया बना। इससे रोजगार के लिए अपनी माटी, अपना गांव, अपना घर-परिवार छोड़कर पलायन करने पर रोक लगी। रोजगार का कानूनी हक दिया गया। ग्राम पंचायतों को ताकत मिली। मनरेगा के जरिये महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपनों के भारत की ओर एक ठोस कदम उठाया गया।

### 'मनरेगा को कमजोर करने की हर कोशिश की गई'

उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 11 साल में मोदी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार, गरीबों और वंचितों के हितों को नजरअंदाज कर मनरेगा को कमजोर करने की हर कोशिश की, जबकि कोरोना के समय यह गरीब वर्ग के लिए संजीवनी साबित हुआ।

## मद्रास हाईकोर्ट के जज को 36 पूर्व जजों का समर्थन

### पूर्व न्यायाधीश बोले- जस्टिस स्वामीनाथन के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव न्यायपालिका पर हमला है



**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट के जज जस्टिस जी.आर. स्वामीनाथन के खिलाफ विपक्षी सांसदों के महाभियोग प्रस्ताव का देश के 36 पूर्व जजों ने विरोध किया है। इससे पहले 56 पूर्व जज भी इस प्रस्ताव पर विरोध जता चुके हैं।

### शनिवार को इन 36 जजों ने खुले पत्र में कहा-

महाभियोग के प्रस्ताव का कदम जजों पर राजनीतिक-वैचारिक दबाव बनाने और डराने की कोशिश है।

अगर इस तरह की कोशिशों को आगे बढ़ने दिया गया, तो यह लोकतंत्र और न्यायपालिका की स्वतंत्रता की जड़ों पर हमला होगा क्योंकि लोकतंत्र में फैसलों की परीक्षा अपील और कानूनी समीक्षा से होती है, न कि महाभियोग की धमकियों से।

दरअसल, जस्टिस स्वामीनाथन ने 1 दिसंबर को मंदिर और दरगाह से जुड़े मामले में हिंदुओं के पक्ष में फैसला दिया था।


इसके बाद 9 दिसंबर को प्रियंका गांधी वाड्रा समेत इंडिया गठबंधन के 107 सांसदों ने उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश किया था।

## देश में बनी 205 दवाओं के सैंपल फेल

शिमला। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के ड्रग अलर्ट में देश में बनी 205 दवाओं के सैंपल फेल हो गए। इनमें 47 दवाएं हिमाचल में बनी है। ये दवाएं बुखार, शुगर, दिल, मिर्गी, संक्रमण और पेट से जुड़ी बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल की जाती हैं। हिमाचल की ये दवाएं इंडस्ट्रियल एरिया बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़, सोलन, कालाअंब, पांवटा साहिब और ऊना स्थित फार्मा इकाइयों में निर्मित की गई थीं। CDSCO द्वारा जारी नवंबर के ड्रग अलर्ट के अनुसार, गुणवत्ता जांच में फेल पाई गई इन दवाओं को 'नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी' घोषित किया गया। हिमाचल में बनी दवाओं के 35 दवाओं के सैंपल राज्य की प्रयोगशालाओं और 12 सैंपल केंद्रीय प्रयोगशालाओं में फेल पाए गए। सिरमौर जिले के कालाअंब स्थित एक कंपनी के पांच सेंपल फेल हुए हैं। NSQ घोषित दवाओं में पैरासिटामोल, मेटफॉर्मिन, क्लोपिडोग्रेल, एस्पिरिन, रेमिप्रिल, सोडियम वैल्प्रोएट, मेबेवेरिन हाइड्रोक्लोराइड, टेलमीसार्टन, क्लेरिथ्रोमाइसिन, सेफिसाइन और जेंटामाइसिन इंजेक्शन जैसी दवाएं शामिल हैं।

## कोहरे की चपेट में उत्तर भारत

### फ्लाइट रद, ट्रेनें लेट...पहाड़ से लेकर मैदानों तक ठंड का प्रकोप





**नई दिल्ली।** पूरा उत्तर भारत कोहरे और शीतलहर की चपेट में है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में वर्षा के कारण ठंड बढ़ गई है तो पंजाब से लेकर बिहार और झारखंड तक कोहरे ने सामान्य जनजीवन को बाधित कर दिया है। कड़ाके की सर्दी के कारण उत्तर प्रदेश में ठंड का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

दिल्ली में शनिवार इस मौसम का सबसे ठंडा दिन रहा। घने कोहरे के कारण दिल्ली के आइजीआइ एयरपोर्ट पर कम से कम 129 उड़ानें रद कर दी गईं। बड़ी संख्या में ट्रेनें विलंब से चल रही हैं। मौसम विभाग ने रविवार को घना से बहुत घना कोहरा छाने का अनुमान लगाते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### दिल्ली में शीतलहर शुरू

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के अनुसार, दिल्ली में शीतलहर शुरू हो गई है। न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री कम था। सामान्य अधिकतम तापमान से नेगेटिव डेविएशन 4.5 और 6.4 डिग्री सेल्सियस के बीच होने पर शीतलहर घोषित किया जाता है।

### यूपी में कोहरे का प्रकोप

पश्चिमी उप्र से लेकर पूर्वांचल तक कई जिलों में शुक्रवार रात से शनिवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। हाईवे और एक्सप्रेसवे पर वाहन रेंगते रहे।

### आइजीआइ एयरपोर्ट पर 129 उड़ानें रद

पीटीआई के अनुसार, दृश्यता कम होने के कारण शनिवार को आइजीआइ एयरपोर्ट पर कम से कम 129 उड़ानें रद कर दी गईं। इनमें 66 आने वाली और 63 जाने वाली फ्लाइट हैं।

### 70 से अधिक ट्रेन विलंब से पहुंचीं दिल्ली

दिल्ली आने वालीं 70 से अधिक ट्रेन शनिवार को दो घंटे से ज्यादा देरी से पहुंचीं।

लंबी दूरी की राजधानी, शताब्दी, वंदे भारत, दुरंतो और हमसफर जैसी प्रमुख ट्रेन भी समय पर नहीं चल सकीं।

## असम में राजधानी एक्सप्रेस से टकराकर 7 हाथियों की मौत

### एक घायल; ट्रेन के 5 डिब्बे-इंजन पटरी से उतरे, कोहरे के कारण हादसे की आशंका



नगांव/गुवाहाटी। असम के होजाई जिले में शनिवार सुबह हाथियों का एक झुंड सैरंग-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। हादसे में सात हाथियों की मौत हो गई और एक बच्चा घायल हो गया।

अधिकारियों ने बताया कि हादसे में ट्रेन का इंजन और पांच कोच भी पटरी से उतर गए। यह हादसा सुबह 2: 17 बजे चांगजुराई गांव के पास हुई। शुरुआत में आठ हाथियों के मारे जाने की सूचना थी, लेकिन बाद में पुष्टि हुई कि एक हाथी का बच्चा जिंदा है और गंभीर रूप से घायल है। हादसे में किसी यात्री के घायल होने की खबर नहीं है।

नगांव के डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर सुहास कदम ने बताया कि इलाके में घना कोहरा होने के कारण यह हादसा हुआ होने की आशंका है। मृत हाथियों का पोस्टमार्टम किया जा रहा है, जबकि स्थानीय पशु चिकित्सक घायल हाथी का इलाज कर रहे हैं।

## केरल में छत्तीसगढ़ के मजदूर को बांग्लादेशी समझकर पीटा, मौत


### पिटाई से 80 से ज्यादा चोटें, डॉक्टर बोले-शरीर का कोई हिस्सा चोट से नहीं बचा

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के प्रवासी मजदूर को केरल में भीड़ ने 17 दिसंबर को बांग्लादेशी समझकर पीट-पीटकर मार डाला। भीड़ तब तक मजदूर को पीटती रही, जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। उसके शरीर का शायद ही कोई ऐसा हिस्सा था, जिस पर चोट के निशान न हों। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में 80 से ज्यादा चोटों का पता चला है।

जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान रामनारायण बघेल (31) के रूप में हुई है, जो सक्ती जिले के करही गांव का रहने वाला था। वह एक हफ्तेभर पहले काम के लिए केरल के पलक्कड़ जिले गया था। हमले का एक वीडियो भी सामने आया है। वारदात पलक्कड़ जिले के वालैयार पुलिस स्टेशन इलाके में हुई।

## भारत विरोधी बांग्लादेशी नेता के जनाजे में लाखों लोग पहुंचे

### छात्र नेता बोले- हम शोक मनाने नहीं आए, सरकार 24 घंटे में जवाब दे



**नई दिल्ली।** भारत और शेख हसीना के विरोधी बांग्लादेशी नेता उस्मान हादी के जनाजे में शनिवार को लाखों लोग शामिल हुए। हादी को बांग्लादेश के राष्ट्रीय कवि काजी नजरुल इस्लाम की कब्र के बगल में दफनाया गया। इससे पहले दोपहर 2: 30 बजे संसद भवन के साउथ प्लाजा में जनाजे की नमाज अदा की गई।

इंकलाब मंच के सदस्य सचिव अब्दुल्ला अल जाबेर ने समर्थकों से जनाजे के बाद प्रदर्शन के लिए शाहबाग जाने का आह्वान किया था।

उन्होंने कहा- हम यहां शोक मनाने नहीं आए हैं। हम अपने भाई के लिए न्याय की मांग करने आए हैं। जाबेर ने कहा कि हादी की हत्या में शामिल हमलावरों को घटना के एक हफ्ते बाद भी गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। उन्होंने सरकार से 24 घंटों के भीतर अब तक उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी देने की मांग की।

### ईवी पॉलिसी

### इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी मिलेगी, जगह जगह चार्जिंग स्टेशन लगेंगे

## दिल्ली में ईवी पॉलिसी लाएगी सरकार, अप्रैल-2026 से लागू होगी



नई दिल्ली। दिल्ली में वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने और ट्रांस्पोर्ट सिस्टम में मॉर्डनाइजेशन लाने के लिए रेखा सरकार ने नई इलेक्ट्रिक विहिकल (ईवी) पॉलिसी का खाका तैयार किया है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संकेत दिए हैं कि यह पॉलिसी अगले वित्त वर्ष, यानी अप्रैल 2026 से इसे लागू किया जा सकता है। इसकी जानकारी दिल्ली सरकार में मंत्री पंकज सिंह ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी।

पॉलिसी से पहले चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाकर इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने पर जोर रहेगा। ईवी अपनाने से पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे प्रदूषकों के स्तर में कमी आएगी। इसी के साथ पेट्रोल-डीजल (आईसीई) वाहनों और ईवी की कीमतों के अंतर को कम करने के लिए सब्सिडी दी जाएगी।

ईवी खरीद पर रोड टैक्स और पंजीकरण शुल्क पहले ही समाप्त किए जा चुके हैं। इसके साथ ही, पुराने और अधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को हटाने के लिए स्क्रैपिंग इंसेंटिव योजना लाई जाएगी। पुराने पेट्रोल या डीजल वाहन को स्क्रैप करने पर नए ईवी की खरीद में अतिरिक्त आर्थिक लाभ मिलेगा।

### वाहन निर्माता कंपनियों से सप्लाई बनाए रखने को कहा

सरकार ने वाहन निर्माताओं से समय के अनुसार सप्लाई और वाजिब कीमतें सुनिश्चित करने को कहा है। पॉलिसी के मसौदे को अंतिम रूप देने से पहले डिस्कॉम, वाहन निर्माताओं और स्क्रैप डीलरों से चर्चा की जा रही है। मसौदा जनता के सुझावों के लिए भी सार्वजनिक किया जाएगा।

### सार्वजनिक स्थानों के साथ आवासीय कॉलोनियों के पास भी चार्जिंग पॉइंट लगाए जाएंगे

ईवी पॉलिसी के तहत सिंगल विंडो सुविधा और नेटवर्क विस्तार पर काम किया जा रहा है। प्रमुख सार्वजनिक स्थानों के साथ आवासीय कॉलोनियों के पास भी चार्जिंग पॉइंट लगाए जाएंगे। पुरानी बैटरियों के वैज्ञानिक निपटान और बैटरी स्वैपिंग सुविधाओं को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि चार्जिंग में लगने वाला समय कम हो। सरकार के अनुसार, वाहन मालिकों को ईवी अपनाने के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा।

### ऊर्जा मंत्री आशीष सूद की अध्यक्षता में जीओएम

ईवी पॉलिसी को अंतिम रूप देने के लिए मुख्यमंत्री ने ऊर्जा एवं शिक्षा मंत्री आशीष सूद की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय मंत्रिमंडलीय समिति का गठन किया है। करीब चार महीने पहले बनी समिति अब तक कई बैठकें कर चुकी है। आईआईटी-दिल्ली के विशेषज्ञों की मदद से बैटरी रीसाइक्लिंग और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी चुनौतियों पर काम किया गया है।

## पूर्व अग्निवीरों के लिए बीएसएफ में कांस्टेबल पद पर अब 50 प्रतिशत कोटा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीमा सुरक्षा बल में कांस्टेबल भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों का कोटा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। इस संबंध में एक गजट अधिसूचना जारी कर दी गई है। आरक्षण में यह बढ़ोतरी सीमा सुरक्षा बल सामान्य ड्यूटी कैडर (गैर-गजटेड) भर्ती नियम, 2015 में संशोधन करके की गई है।

अधिसूचना के अनुसार, पूर्व अग्निवीरों को शारीरिक मानक परीक्षण और शारीरिक दक्षता परीक्षण से भी छूट दी जाएगी। सीधी भर्ती (पचास प्रतिशत सहित) में हर भर्ती वर्ष में पूर्व अग्निवीरों के लिए रिक्तियां आरक्षित रहेंगी। इसके अलावा पूर्व सैनिकों के लिए दस प्रतिशत और सालाना खाली पदों को भरने में काम्बैटाइज्ड कांस्टेबल (ट्रेड्समैन) के लिए तीन प्रतिशत तक पद आरक्षित रहेंगे।

पहले चरण में पूर्व अग्निवीरों के लिए निर्धारित 50 प्रतिशत रिक्तियों के लिए भर्ती नोडल बल यानी बीएसएफ द्वारा की जाएगी। दूसरे चरण में, स्टाफ सेलेक्शन कमीशन द्वारा पूर्व अग्निवीरों के अलावा अन्य उम्मीदवारों के लिए शेष 47 प्रतिशत रिक्तियों (जिसमें 10 प्रतिशत पूर्व सैनिक शामिल हैं) के लिए भर्ती की जाएगी।

# संपादकीय

## बड़ी कंपनियों के सामने केंद्र सरकार कैसे हो जाती है लाचार



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारत जैसे विकासशील देश में आर्थिक विकास की रीढ़ बड़ी कंपनियों को माना जाता है। ये कंपनियां रोजगार पैदा करती हैं, निवेश लाती हैं और जीडीपी में योगदान देती हैं। लेकिन एक असहज सवाल लगातार उठता है—क्या कभी-कभी यही बड़ी कंपनियां सरकार को ही लाचार बना देती हैं? केंद्र सरकार, जो संवैधानिक रूप से सर्वोच्च शक्ति है, आखिर बड़े कॉरपोरेट दबावों के सामने क्यों झुकती दिखती है? आज के भारत में यह प्रश्न इसलिए भी प्रासंगिक है क्योंकि क्रोनी कैपिटलिज्म (सांठगांठ वाला पूंजीवाद) पर सार्वजनिक बहस तेज है।

### राजनीतिक फंडिंग : लोकतंत्र की अदृश्य डोर

भारत में इलेक्टोरल बॉन्ड व्यवस्था ने कॉरपोरेट चंदे को गोपनीयता की चादर दे दी। 2018 में शुरू हुई यह योजना 2024 में Supreme Court of India द्वारा असंवैधानिक घोषित की गई।

आलोचकों का तर्क रहा कि इससे बड़ी कंपनियों को राजनीतिक दलों पर असमान प्रभाव मिला। सार्वजनिक डाटा में सामने आया कि रिलायंस और अदानी से जुड़ी कंपनियों ने भारी मात्रा में बॉन्ड खरीदे, जिनका बड़ा हिस्सा सत्तारूढ़ दल को गया। इससे यह आशंका गहरी हुई कि नीति-निर्माण पर कॉरपोरेट हितों की छाया पड़ती है। चुनावी खर्च की वास्तविकता में सरकारें इन चंदों पर निर्भर हो जाती हैं—यहीं से 'लाचारी' जन्म लेती है।

### व्यक्तिगत समीकरण और लॉबिंग का जाल

क्रोनी कैपिटलिज्म की बहस में अक्सर Gautam Adani और Narendra Modi के नाम साथ लिए जाते हैं। 2014 के बाद अदानी समूह का तेज़ विस्तार—पोर्ट्स, एयरपोर्ट्स, एनर्जी—को समर्थक 'उद्यमशीलता' कहते हैं, जबकि आलोचक इसे 'नीति-प्रेरित विस्तार' बताते हैं।

इसी तरह Mukesh Ambani के Reliance Industries को टेलीकॉम और रिटेल में निर्णायक बढ़त मिली। लॉबिंग के जरिए टैक्स, जीएसटी, पर्यावरणीय मंजूरियों जैसे मामलों में नीतिगत ढील की बातें सामने आती रही हैं। सरकारें तर्क देती हैं कि निवेश और विकास जरूरी हैं; आलोचक कहते हैं कि यही तर्क लाचारी में बदल जाता है।

### आर्थिक निर्भरता और बाज़ार का दबाव

जब सरकार कहती है कि -बाज़ार तय करेगा', तो सवाल उठता है—यह बाज़ार कौन तय करता है? बड़े कॉरपोरेट्स।

एविएशन सेक्टर में IndiGo जैसी बड़ी एयरलाइंस के संकट के समय सरकारी हस्तक्षेप सीमित दिखा। निजीकरण और कंसोलिडेशन ने कई क्षेत्रों में मोनोपॉली या ओलिगोपॉली बनाई, जहां उपभोक्ता और सरकार दोनों के विकल्प घट जाते हैं।

### वैश्वीकरण और अंतरराष्ट्रीय दबाव

भारत World Trade Organization जैसे समझौतों से बंधा है। बहुराष्ट्रीय कंपनियां और विदेशी पूंजी नीति पर असर डालती हैं। अदानी-अंबानी जैसे समूहों का वैश्विक विस्तार सरकार के लिए निवेश आकर्षण का संकेत बनता है, लेकिन इसके साथ मांगें भी आती हैं।

Hindenburg Research की रिपोर्ट ने अदानी समूह पर गंभीर आरोप लगाए; सरकार ने कहा कि नियामक स्वतंत्र हैं—आलोचकों ने इसे 'निष्क्रियता' कहा, समर्थकों ने 'संस्थागत प्रक्रिया का सम्मान'।

### भ्रष्टाचार, नियामक कमजोरी और असमानता

जब नियामक संस्थाएं कमजोर होती हैं और राजनीतिक हस्तक्षेप बढ़ता है, तो बड़ी कंपनियों की bargaining power बढ़ जाती है। परिणाम—छोटे व्यवसाय दबते हैं, असमानता बढ़ती है और लोकतांत्रिक भरोसा कमजोर होता है।

### निष्कर्ष : लाचारी या नीतिगत विकल्प?

केंद्र सरकार की 'लाचारी' दरअसल आर्थिक शक्ति, राजनीतिक फंडिंग और व्यक्तिगत समीकरणों के जटिल गठजोड़ का परिणाम है। समाधान स्पष्ट है—

- पारदर्शी राजनीतिक फंडिंग
- स्वतंत्र और मजबूत नियामक संस्थाएं
- मोनोपॉली-विरोधी सख्त नीति
- राजनीतिक इच्छाशक्ति

वरना विकास कुछ गिने-चुने हाथों तक सिमटता जाएगा। सवाल सीधा है—क्या हम ऐसी व्यवस्था चाहते हैं? सोचने का समय अभी है।

## चूक से हादसे

लोकसभा में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का वह बयान तार्किक ही है जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत में अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं मानवीय व्यवहार से जुड़ी हैं। निश्चय ही यदि वाहन चालकों को सड़क व्यवहार के प्रति जागरूक किया जाए और हम जिम्मेदारी-सावधानी से वाहन चलाएं तो हर साल हजारों जिंदगियां बचायी जा सकती हैं। भारत में दुनिया के विकसित देशों के मुकाबले कम वाहन सड़कों पर दौड़ते हैं, लेकिन सड़क हादसों के मामले में हम अव्वल हैं। विडंबना देखिए कि एक साल में देश के भीतर करीब पांच लाख सड़क हादसे दर्ज किए जाते हैं। बड़ी संख्या उन हादसों की भी है जो छोटे शहरों व भीतरी इलाकों में होते तो हैं, लेकिन दर्ज नहीं होते। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि देश में हर साल करीब 1.8 लाख लोग इन हादसों में मारे जाते हैं। लाखों लोग इन हादसों में घायल होते हैं। हजारों लोग ऐसे भी होते हैं जो हादसों के बाद जीवनपर्यंत सामान्य जीवन नहीं जी पाते हैं। दुखद स्थिति यह भी है कि मरने वालों में सर्वाधिक संख्या युवाओं की होती है। एक आंकड़े के अनुसार मरने वालों में 66 फीसदी लोग 18 से 34 साल के बीच होते हैं। जो अपने परिवार के कमाने वाले व्यक्ति होते हैं। फलत-हादसे के बाद कई परिवार गरीबी के दलदल में धंस जाते हैं। दरअसल, सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण तेज गति से वाहन चलाना भी है। सड़क परिवहन मंत्रालय की रिपोर्ट बताती है कि ओवर स्पीडिंग से 68 फीसदी से अधिक सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। वहीं निर्धारित स्पीड से अधिक तेजी से वाहन चलाने से होने वाली दुर्घटनाओं के चलते ही 68 फीसदी मौतें भी होती हैं। निश्चित रूप से ये हादसे व मौतें मानवीय व्यवहार की कमजोरी से जुड़े हैं।

जहां देश में राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे का तेजी से विस्तार हुआ है तो बेहतर सड़कों में वाहन चालकों की गति अनियंत्रित हो चली है। जो कालांतर सड़क हादसों की वजह बनती है। यह विडंबना है कि हम अकसर सुरक्षा नियमों की अनदेखी करते हैं। आज की युवा पीढ़ी हेलमेट पहनने से परहेज करती है। यह जानते हुए कि हादसों में सिर की चोट जानलेवा बन जाती है। सड़क परिवहन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में हेलमेट न लगाने के कारण 54,568 लोगों की मौत हुई। वहीं सीट बेल्ट न लगाने से 16 हजार से अधिक यात्रियों की जान गई।

# बेलगाम बांग्लादेश की अशांति भारत के लिये खतरा

-ललित गर्ग-




बांग्लादेश में बीते कुछ समय से जो घटनाक्रम सामने आ रहे हैं, वे किसी एक देश की आंतरिक समस्या भर नहीं रह गए हैं, बल्कि दक्षिण एशिया की समूची भू-राजनीतिक स्थिरता के लिए एक गंभीर चेतावनी बनते जा रहे हैं। युवा छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद जिस तरह ढाका सहित कई शहरों में हिंसा भड़की, उसने यह उजागर कर दिया कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार न तो कानून का शासन स्थापित कर पा रही है और न ही समाज को उन्माद व कट्टरता से बचाने में सक्षम दिखाई देती है। सड़कों पर उग्र भीड़, अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हमले, हिन्दू धर्म-स्थलों को ध्वस्त करना, मीडिया संस्थानों के दफ्तरों में आगजनी, पत्रकारों पर हमले और असहमति की आवाजों को दबाने की कोशिशें यह संकेत देती हैं कि बांग्लादेश तेजी से अराजकता के दलदल में धंसता जा रहा है। यह स्थिति लोकतंत्र के भविष्य के लिए जितनी भयावह है, उतनी ही खतरनाक क्षेत्रीय शांति के लिए भी है।

इस पूरे परिदृश्य का सबसे चिंताजनक एवं त्रासद पहलू 'भारत विरोधी नैरेटिव' का सुनियोजित एवं षड्यंत्रपूर्ण निर्माण है। शरीफ उस्मान हादी की हत्या के लिए बिना किसी ठोस जांच के भारत पर आरोप मढ़ना और उसके बाद भारतीय मिशनों को निशाना बनाने की कोशिशें यह बताती हैं कि हिंसा केवल स्वत:स्फूर्त जनाक्रोश नहीं, बल्कि एक सुविचारित राजनीतिक और वैचारिक साजिश का हिस्सा है। इतिहास गवाह है कि जब भी बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ती है, कुछ कट्टरपंथी ताकतें भारत विरोध को एक आसान औजार की तरह इस्तेमाल करती हैं। इससे न केवल भीड़ को भड़काया जाता है, बल्कि आंतरिक विफलताओं से ध्यान हटाने का रास्ता भी मिल जाता है। अंतरिम सरकार की निष्क्रियता या मौन सहमति इस आशंका को और मजबूत करती है कि वह या तो इन ताकतों पर नियंत्रण खो चुकी है या फिर उनसे समझौता कर चुकी है। इसमें सबसे घातक है पाकिस्तान का साजिशपूर्ण तरीके से भारत विरोध को हवा देना।

भारत द्वारा अपने वीजा केंद्रों को अस्थायी रूप से बंद करना और बांग्लादेशी उच्चायुक्त को तलब करना इस पृष्ठभूमि में एक आवश्यक और संतुलित कूटनीतिक कदम कहा जा सकता है। किसी भी संप्रभु राष्ट्र की यह जिम्मेदारी होती है कि वह विदेशी राजनयिकों और मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। ढाका में भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की कोशिशें और वहां प्रशासन की ढुलमुल प्रतिक्रिया यह दर्शाती हैं कि अंतरिम सरकार इस बुनियादी दायित्व को निभाने में विफल रही है। कूटनीति केवल सौहार्द की भाषा नहीं होती, बल्कि यह स्पष्ट संदेश देने का माध्यम भी होती है कि भारत अपने हितों और नागरिकों की सुरक्षा के प्रश्न पर किसी तरह की उदासीनता स्वीकार नहीं कर सकता।

इस अशांति का सबसे दर्दनाक और संवेदनशील पक्ष बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं की बिगड़ती स्थिति है। कथित ईशनिंदा के आरोपों में एक हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या इस बात का प्रमाण है कि कट्टरपंथी तत्वों को अब प्रशासन का कोई भय नहीं रह गया है। जब न्याय भीड़ के हाथों में चला जाए और सरकार अल्पसंख्यक अधिकारों पर केवल औपचारिक बयान जारी करती रहे, तो यह लोकतांत्रिक राज्य की आत्मा पर सीधा प्रहार होता है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चुप्पी भी इस संदर्भ में कई सवाल खड़े करती है। मानवाधिकारों और अल्पसंख्यक संरक्षण की दुहाई देने वाले वैश्विक मंच तब मौन क्यों हो जाते हैं, जब यह उल्लंघन रणनीतिक या राजनीतिक समीकरणों के भीतर घटित होते हैं। अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के पुत्र और सलाहकार साजीब वाजेद जॉय का यह कथन कि बांग्लादेश की आग से भारत अछूता नहीं रह सकता, केवल एक राजनीतिक बयान नहीं, बल्कि एक कड़वी सच्चाई है। भारत और बांग्लादेश के बीच हजारों किलोमीटर की साझा सीमा, सांस्कृतिक-सामाजिक रिश्ते और आर्थिक निर्भरता ऐसी है कि ढाका की अस्थिरता का असर स्वाभाविक रूप से भारत के सीमावर्ती राज्यों पर पड़ेगा। अवैध घुसपैठ, कट्टरपंथी नेटवर्कों की सक्रियता और सीमा पार अपराधों का खतरा इस अस्थिरता के साथ बढ़ता ही जाएगा।

आगामी फरवरी में प्रस्तावित आम चुनाव बांग्लादेश के लिए एक अवसर हो सकते थे, जिससे वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया के जरिए स्थिरता की ओर लौट सके। लेकिन मौजूदा हालात में चुनाव की पारदर्शिता और शांति पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग चुके हैं। कट्टरपंथी ताकतें जनभावनाओं को भड़काकर हिंसा का माहौल बनाए रखने में जुटी हैं, ताकि सत्ता का संतुलन अपने पक्ष में मोड़ा जा सके। अंतरिम सरकार का यह दायित्व है कि वह निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव सुनिश्चित करे, लेकिन अब तक के संकेत बताते हैं कि वह इस चुनौती के सामने कमजोर साबित हो रही है। इस पूरे परिदृश्य में पाकिस्तान की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दक्षिण एशिया में अस्थिरता फैलाना और भारत के पड़ोस में अशांति, हिंसा एवं आतंक के बीज बोना पाकिस्तान की पुरानी रणनीति रही है। बांग्लादेश में कट्टरपंथी संगठनों और भारत विरोधी तत्वों को वैचारिक, नैतिक और कभी-कभी परोक्ष समर्थन मिलना कोई नई बात नहीं है। पाकिस्तान के लिए यह एक अवसर की तरह है, जहां वह बांग्लादेश की आंतरिक कमजोरियों का फायदा उठाकर भारत के खिलाफ एक और मोर्चा खोल सकता है। सोशल मीडिया अभियानों से लेकर दुष्प्रचार तक, कई संकेत इस ओर इशारा करते हैं कि बांग्लादेश में फैलाई जा रही भारत विरोधी भावना के पीछे पाक की सोच भी सक्रिय है। यह वही रणनीति है, जिसे पाकिस्तान ने अफगानिस्तान और अपने ही देश में अपनाकर पूरे क्षेत्र को अस्थिरता के गर्त में धकेल दिया।


भारत का रुख हमेशा से एक स्थिर, समृद्ध और लोकतांत्रिक बांग्लादेश के पक्ष में रहा है। आर्थिक सहयोग, बुनियादी ढांचे के विकास और मानवीय सहायता के माध्यम से भारत ने यह साबित किया है कि वह अपने पड़ोसी के साथ सहयोगात्मक संबंध चाहता है, न कि वर्चस्ववादी। लेकिन यदि ढाका की अंतरिम सरकार अपनी जमीन का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों और सांप्रदायिक हिंसा के लिए होने देती है, तो द्विपक्षीय संबंधों में आई दरार को भरना बेहद कठिन हो जाएगा। यह केवल कूटनीति का प्रश्न नहीं, बल्कि विश्वास और साझी सुरक्षा का भी मुद्दा है। अंतरिम सरकार के सामने अब दो ही रास्ते हैं। पहला, वह कठोर कार्रवाई कर यह साबित करे कि वह किसी कट्टरपंथी विचारधारा की बंधक नहीं है और कानून का शासन बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है। दूसरा, वह निष्क्रियता और तुष्टीकरण के रास्ते पर चलते हुए देश को और गहरे संकट में धकेल दे। इतिहास बताता है कि दूसरा रास्ता अंतत: लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने तीनों को नष्ट कर देता है।

बांग्लादेश एक ऐसे समय अराजकता में डूबा है, जब वहां चुनाव सन्निकट है। अब इन चुनावों का सही एवं लोकतांत्रिक तरीके से होना संदिग्ध है। इन चुनावों में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को भाग लेने से रोकना एवं पाकिस्तानपरस्त जमाते इस्लामी समेत अन्य कट्टरपंथी ताकतों को भी चुनाव लड़ने की छूट देना, अंतरिम युनूस सरकार की कुचेष्टा है। सबसे बड़ी चिन्ता की बात यह है कि चुनाव के बाद वहां इस्लामिक कट्टरपंथियों के वर्चस्व वाली ऐसी सरकार अस्तित्व में आ सकती है, जो भारत के खिलाफ खुलकर काम करते हुए अल्पसंख्यकों के संहार को अंजाम देगी।

भारत के लिए इसीलिये भी यह समय केवल चिंता व्यक्त करने का नहीं, बल्कि सतर्क और सक्रिय कूटनीति अपनाने का है। सीमा सुरक्षा को मजबूत करते हुए वैश्विक मंचों पर बांग्लादेश की ताजा घटनाओं को स्पष्टता और तथ्यों के साथ उठाना आवश्यक है। पड़ोस में लगी यह आग यदि समय रहते नहीं बुझाई गई, तो इसकी तपिश केवल बांग्लादेश तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया को झुलसा सकती है। स्थिरता, लोकतंत्र और सह-अस्तित्व की रक्षा के लिए यह अनिवार्य है कि बांग्लादेश की मौजूदा अराजकता को एक चेतावनी की तरह लिया जाए, न कि एक क्षणिक राजनीतिक उथल-पुथल के रूप में।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3746




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 3745 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक बूढ़ा समाज सुधारक जेल में बंद युवक चोर को देखकर बोला-'बेटे! तुम किसी बात की परवाह मत करो. जेल से बाहर निकलोगे तो मैं तुम्हारा पथ-प्रदर्शन करूंगा.'

'ठीक कहते हैं आप !' युवक चोर धीरे से बोला-'दरअसल मुझसे भूल हो गई थी जो आप जैसे बुजुर्गों के पथ-प्रदर्शन के बिना ही इस रोजगार में लग गया.'

□ □ □

एक डाक्टर के पास एक वकील बैठा हुआ था. तभी एक औरत ने आकर डाक्टर से कोई सलाह ली और चली गई. उसके जाने के बाद डाक्टर ने वकील से पूछा-'क्या मुझे इससे कुछ लेना चाहिये ?'

'क्यों नहीं !' वकील बोला-'आखिर तुमने उसे अपनी व्यापारिक सेवाएं प्रदान की हैं.'

'मैं ऐसा ही करूंगा !' डाक्टर बोला.

वकील चला गया. फिर अगले दिन डाक्टर जैसे ही बिल बनाने के लिये मेज पर पहुँचा, उसकी नजर एक बिल पर पड़ी. लिखा था-'कानूनी सेवाओं की फीस तीस रुपये.' नीचे वकील का नाम और पता लिखा हुआ था.

□ □ □

महिला-'सुना है आप के सिर में गोबर भरा है.'

आदमी-'जी हाँ पर क्यों ?'

महिला-'जी मुझे गोबर गैस कनेक्शन लेना है.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3746



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, जया की 'ये जुल्फ कैसी है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
४. 'सीमायें बुलाये तुझे' गीत वाली जे.पी.दत्ता की युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी एक मल्टीस्टारर फिल्म-२,१,१
६. फिल्म 'साया' में नायिका कौन थी-२
७. 'झमका चाँदी दा' गीत वाली मनोज, अरशद, तब्बू, शीबा की फिल्म-२
८. अभिषेक, अंतरा माली की 'बेरंग जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२
११. फिल्म 'जीवनमृत्यु' में नायिका थी-२
१४. 'तुम तो परदेसी हो' गीत वाली फराजखान, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की 'दिल डूबा' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'आज मदहोश हुआ जाये' गीत वाली शशिकपूर, राखी की फिल्म-३
१७. संजय कपूर, रवीना, अदिति की 'हंसता है रूलता' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'सनन सनन साय साय हो' गीत वाली गोविंदा, रमैया की फिल्म-४,२
२२. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'तू कल चला' गीत वाली संजयदत्त, कुमार गौरव, पूनम ढिल्लों की फिल्म-२
२४. जैकी, सुनील शेट्टी, डिनो, करिश्मा की 'ऐ सुबह तू' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'हुस्ने जाना इधर आ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-२
२८. देवआनंद, गीता बाली की 'चांदनी रातें प्यार की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'जिनके पास हाथी घोड़ा' गीत वाली राजकुमार, लीना की फिल्म-२,१,२
३०. जीतेंद्र, जयाप्रदा की 'आईने के सौ टुकड़े' गीत वाली फिल्म-१
३१. 'लड़की जो आए बाजार में' गीत वाली जैकी श्रॉफ, मनीषा की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'नदिया किनारे आजा' गीत वाली संजय दत्त, आफताब, नंदिता की फिल्म-२
२. ऋषिकपूर, माधुरी दीक्षित की 'जाने वो कैसा चोर था' गीत वाली फिल्म-३
३. 'आजकल पाँव जमीं पर' गीत वाली फिल्म-२
४. अक्षय, करीना कपूर, प्रियंका की फिल्म-४
५. 'दिल दिया है तुझे' गीत वाली अतीन भल्ला, संदली सिन्हा की फिल्म-२
९. राहुल बोस, करीना कपूर की 'जाने क्यूं हमको' गीत वाली फिल्म-३
१०. राजकपूर, परवीन की 'आपसा कोई हसीन' गीत वाली फिल्म-२,२
१२. 'तोता मैना की कहानी' गीत वाली शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
१३. मिलिंद सोमण, किरण झवेर की 'जीना है तेरी' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'सुलगे हुए हैं' गीत वाली जिमी, इरफान, ऋषिता, नम्रता की फिल्म-३
१९. फिल्म 'अवतार' में राजेश की नायिका ?-३
२०. 'नहीं ये हो नहीं सकता' गीत वाली फिल्म-४
२१. अमिताभ, जैकी, कैटरीना, मधु, सीमा की 'आई सी यू बेबी' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'रंग और नूर की बारात' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना कुमारी की फिल्म-३
२४. नसीर, फारूख शेख, स्मिता की फिल्म-३
२६. 'बोल गोरी बोल' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
२७. शाहरूख, माधुरी की 'तू सामने जब आता है' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3745



## सूडोकु -3746

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3745 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 3746



**बाएँ से दाएँ**

1.असह्य,नागवार-5
4.कली-3
6.पराया,पंख-2
7.समुद्र-3
8.पिता की बहन-2
10.चौकसी,सुरक्षा-3
11.कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14.छल,धोखा-3
16.पक्षी,उड़ने वाला-4
17.उम्मीद-2
18.दौरा,पहरेदारी-2
19.धारण करना-4
21.आफत,मुसीबत-3
22.विदिर्ण-2,2
24.प्रकाशित-3
25.बल,जान-2
27.रसदार-3
28.जगत,दुनिया-2
29.नग,मूल्यवान पत्थर-3
30.तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**

1.जबरन उठा ले जाना-5
2.महोदय (अंग्रेजी-2)
3.नीलिमा-4
4.कुंती पुत्र,राधेय-3
5.वश,अधीन-2
7.संपूर्ण,पूर्ण-2
9.शिकार-3
12.असली,शुद्ध-3
13.हठ करना,रोना -4
15.हारा हुआ,पराजित-3
16.मशवरा,सलाह-4
17.विश्राम-3
18.अभिमान-3
20.भयभीत होना-2,3
21.संभवतः-3
22.टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23.तरना,स्वीमिंग-3
24.इसे मकड़ी बुनती है-2
26.जी,चित-2
28.संपत्ति-2

### शब्द पहेली - 3745 का हल



# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 32 कंपनियों पर की कार्रवाई

## ग्रैप-4 नियमों के उल्लंघन पर 78.25 लाख रुपए का जुर्माना लगाया

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्रैप-4 नियमों का उल्लंघन करने पर 32 कंपनियों और व्यक्तियों पर 78.25 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ प्राधिकरण के अभियान के तहत की गई है। जिन बिल्डर परियोजनाओं पर जुर्माना लगा है, उनमें एनबीसीसी इंडिया, आरजे ग्रुप, अरिहंत वन, ला रेजीडेंसिया, आम्रपाली लेजर वैली, डीवी प्रोजेक्ट और केके प्रोजेक्ट शामिल हैं।

दरअसल, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ग्रैप-4 लागू होने के बाद निर्माण कार्यों पर पूर्ण प्रतिबंध है। इसके साथ ही, निर्माण सामग्री को ढककर रखने और धूल उड़ने से रोकने के लिए पानी का नियमित छिड़काव करने के निर्देश भी दिए गए हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण और ग्रैप-4 के नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है।

प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रैप-4 के नियमों का पूरी तरह पालन करने के निर्देश दिए हैं। एसीईओ सुमित यादव के नेतृत्व में प्राधिकरण का परियोजना विभाग लगातार अपने क्षेत्र में निगरानी कर रहा है। टीम उन लोगों पर जुर्माना लगा रही है जो प्रतिबंध के बावजूद निर्माण कार्य कर रहे हैं या निर्माण सामग्री को बिना ढके रख रहे हैं।

शुक्रवार को प्राधिकरण की टीम ने 32 और स्थानों पर ग्रैप-4 के नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 78.25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। इससे पहले बृहस्पतिवार को भी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 46 कंपनियों और व्यक्तियों पर 49.45 लाख रुपये की



पेनल्टी लगाई थी। प्राधिकरण ने जुर्माने की राशि निर्धारित समय-सीमा में जमा कराने और भविष्य में नियमों का पालन करने के निर्देश दिए हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने बताया कि प्रदूषण को रोकने के लिए प्राधिकरण हर संभव प्रयास कर रहा है और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने ग्रेटर नोएडा के निवासियों से प्रदूषण नियंत्रण में प्राधिकरण का सहयोग करने की अपील भी की है।

कंपनी/आवंटी का नाम -सेक्टर -पेनल्टी(रुपये) 1. एनबीसीसी इंडिया -सेक्टर-4 -10 लाख 2. आरजे ग्रुप -सेक्टर-1 -5 लाख 3. अरिहंत वन -सेक्टर-1 -5 लाख 4. ला रेजीडेंसिया -टेकजोन-4 -5 लाख 5. आम्रपाली लेजर वैली -टेकजोन-4 -5 लाख 6. डीवी प्रोजेक्ट -टेकजोन-4 -5 लाख 7. केके प्रोजेक्ट -टेकजोन-4 -5 लाख 8. गायत्री इंफ्राटेक -सेक्टर-16 -5 लाख 9. उधम सिंह -भनौता -5 लाख 10. दिलीप पांडेय आदि -भनौता -5 लाख 11. एपेक्स इंफ्रास्ट्रक्चर -सेक्टर-12 -2 लाख 12. महागुन -सेक्टर-12 -2 लाख 13. सिग्नेचर विला -चिपियाना बुजुर्ग -1 लाख 14. कृष्णा अपार्टमेंट -छपरौला -1 लाख 15. मेहता कंस्ट्रक्शन -छपरौला -1 लाख 16. वाई एंड एम डिजाइन -इकोटेक-10 -1 लाख 17. कंट्रीसाइड इंटरप्राइज -इकोटेक-10 -1 लाख 18. जीएमएस एक्सपोर्ट -इकोटेक-11 -1 लाख 19. हरिदर्शन सेवा श्रम -इकोटेक-11 -1 लाख 20. अक्षत गारमेंट -इकोटेक-11 -1 लाख 21. प्रिसॉन इंटरप्राइज -इकोटेक-6 -25 हजार 22. पवन कुमार गोयल -इकोटेक-11 -1 लाख 23. प्रेमपाल सिंह -सुनपुरा -1 लाख 24. गुड्डी शर्मा आदि -खोदना खुर्द -1 लाख 25. नेहा आदि -खोदना खुर्द -1 लाख 26. जयवीर आदि -तिलपता करनवास -1 लाख 27. रवि राज -छपरौला -1 लाख 28. अमित गोयल -इकोटेक-10 -1 लाख 29. मुकेश चौहान -छपरौला -1 लाख 30. सचिन चौधरी -चिपियाना बुजुर्ग -1 लाख 31. अमित कुमार तायल -इकोटेक-10 -1 लाख 32. राजीव मेहरा -इकोटेक-11 -1 लाख

# नोएडा में 2 करोड़ से ज्यादा का सामान बरामद

## कंपनी की गाड़ियां और कीमती सामान बेचने के आरोप में 2 गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा की थाना फेस-1 पुलिस ने एक कंपनी से वाहन और कीमती सामान का गबन करने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 2 करोड़ 10 लाख रुपये का चोरी का सामान बरामद किया है।बरामद किए गए सामान में तीन कैंटर, एक टाटा इंट्रा और अन्य कीमती वस्तुएं शामिल हैं। पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से आरोपियों महफूज खान और अखिलेश को पक्षी विहार के अंडरपास के पास से पकड़ा।



दरअसल, एक महिला इवेंट मैनेजमेंट कंपनी चलाती हैं। उन्होंने 11 दिसंबर को पुलिस को सूचना दी थी कि उनकी कंपनी के तीन कैंटर और एक टाटा इंट्रा, जो कीमती सामान से भरे हुए थे, उन्हें कुछ अज्ञात लोग बैंक की ईएमआई टूटने का बहाना बनाकर लूट ले गए हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच के लिए एक टीम गठित की। पुलिस जांच में सामने आया कि यह पूरी योजना कंपनी के पूर्व कर्मचारी महफूज खान ने बनाई थी। आरोपी महफूज खान पहले कंपनी को ट्रांसपोर्ट सेवाएँ प्रदान करता था, जबकि आरोपी अखिलेश चालक के रूप में काम करता था। नोएडा की एडिशनल डीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि महिला के पति की मृत्यु के बाद आरोपियों को लालच आ गया। उन्होंने कंपनी के वाहनों को गायब कर दिया। 11 दिसंबर को आरोपी महफूज खान ने कंपनी को झूठी सूचना दी कि अज्ञात व्यक्तियों ने सामान से भरा ट्रक छीन लिया है।

आरोपियों ने पहले ही कंपनी के दो कैंटर और एक टाटा इंट्रा को छिपा लिया था और वर्तमान मालिक को बैंक द्वारा वाहन की किस्त टूटने पर खींचकर ले जाने की झूठी जानकारी दी थी। वे सामान से भरे कैंटर और अन्य सभी वाहनों को कहीं और बेचने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस ने उनकी योजना को अंजाम देने से पहले ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# छात्रा को पड़ोसी ने दी जान से मारने की धमकी : केस दर्ज

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र में एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली 12वीं कक्षा की छात्रा को अपने ही पड़ोस में रहने वाले एक युवक की हरकतों से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्रा ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली जेवर में मामला दर्ज कराया है।

पीड़िता का आरोप है कि आरोपी युवक उसे जबरन बात करने और अपनी कार में बैठने का दबाव बनाता था। छात्रा के इनकार करने पर आरोपी अभद्रता करता था और उसे डराने-धमकाने से भी बाज नहीं आ रहा था।

छात्रा के अनुसार, जब उसने आरोपी की हरकतों का विरोध किया तो उसने उसके दोनों भाइयों को जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद से छात्रा मानसिक रूप से काफी परेशान है और डर व तनाव के चलते उसकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

छात्रा ने बताया कि कॉलेज आते-जाते समय आरोपी अक्सर उसका रास्ता रोक लेता था और जबरन अपनी कार में बैठने की जिद करता था। विरोध करने पर वह गाली-गलौज और अभद्र भाषा का प्रयोग करता था।

पीड़िता ने इस मामले की शिकायत कई बार आरोपी के परिवार के लोगों से भी की, लेकिन इसके बावजूद आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। लगातार उत्पीड़न और धमकियों से तंग आकर छात्रा ने शनिवार को आरोपी जीतन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

# टोल प्लाजा पर बस ने खड़ी कार को टक्कर मारी

## टोलकर्मी पर अभद्रता का आरोप, पुलिस ने केस दर्ज किया

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर टोल प्लाजा के पास शुक्रवार को एक सड़क हादसा हुआ। यहां हाईवे किनारे खड़ी एक कार को उत्तर प्रदेश रोडवेज की बस ने टक्कर मार दी, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित ने टोल प्लाजा कर्मियों पर मदद मांगने पर अभद्रता करने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर रोडवेज बस चालक और एक अज्ञात टोलकर्मी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, अलीगढ़ जिले के सोतीपुर गांव निवासी लोकेंद्र ने अपनी शिकायत में बताया कि शुक्रवार को वह टप्पल से नोएडा जा रहे थे। जेवर टोल प्लाजा के पास उन्होंने अपनी कार हाईवे किनारे खड़ी की थी। तभी एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उनकी खड़ी कार में टक्कर मार दी, जिससे कार को काफी नुकसान हुआ।

लोकेंद्र का आरोप है कि हादसे के बाद उन्होंने और उनके साथी ने टोल प्लाजा पर मौजूद कर्मियों से मदद मांगी। इस दौरान, वहां तैनात एक टोलकर्मी ने उनके साथी के साथ गाली-गलौच की, जिससे मौके पर तनाव पैदा हो गया। पीड़ित ने तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी।

पुलिस ने बताया कि लोकेंद्र की तहरीर के आधार पर आरोपी रोडवेज बस चालक और अज्ञात टोलकर्मी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नोएडा पुलिस कमिश्नर ने रिक्रूट आरक्षियों से किया संवाद

## सैनिक सम्मेलन में प्रशिक्षण प्रगति का लिया फीडबैक

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने गौतमबुद्धनगर पुलिस लाइन्स के बहुउद्देशीय हॉल में रिक्रूट आरक्षियों के लिए एक सैनिक सम्मेलन आयोजित किया। इस दौरान डीसीपी मुख्यालय रविशंकर निम, डीसीपी लाइन्स शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी और आईटीआई, पीटीआई, अध्यापकगण मौजूद रहे। कुल 544 रिक्रूट आरक्षी सम्मेलन में उपस्थित थे।





सम्मेलन में पुलिस कमिश्नर ने रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण की प्रगति पर विस्तृत फीडबैक लिया। उन्होंने आंतरिक और बाह्य विषयों पर चर्चा की, खासकर शस्त्र प्रशिक्षण पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण के दौरान आने वाले तकनीकी पहलुओं और बारीकियों को सरल तथा प्रभावी ढंग से समझाया गया।

पुलिस कमिश्नर ने रिक्रूट आरक्षियों से सीधा संवाद कर उनके प्रशिक्षण स्तर का आकलन किया। उन्होंने पढ़ाए जा रहे विषयों के संबंध में प्रश्न पूछकर उनकी समझ को परखा। इसके अलावा, आरक्षियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, रहन-सहन और प्रशिक्षण अवधि के दौरान उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली गई।

संभावित समस्याओं के बारे में पूछने पर किसी भी रिक्रूट ने कोई समस्या नहीं बताई। बैरक, मैस और इंडोर-आउटडोर की व्यवस्थाओं को संतोषजनक पाया गया।

अंत में, पुलिस आयुक्त ने रिक्रूट आरक्षियों को महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि शस्त्र अभ्यास पर विशेष ध्यान दिया जाए। आवश्यकतानुसार योग्य और अनुभवी प्रशिक्षकों को बुलाकर अतिरिक्त कक्षाएं आयोजित की जाएं।

साथ ही, क्रिमिनोलॉजी और फॉरेंसिक विषयों की कक्षाएं भी सुनिश्चित की जाएं। आगामी शस्त्र अभ्यास फायरिंग को प्रभावी और व्यवस्थित ढंग से कराने पर जोर दिया गया, ताकि फायरिंग की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

शस्त्र प्रशिक्षण से संबंधित प्रश्नों के सही उत्तर देने पर पुलिस कमिश्नर ने तीन रिक्रूट आरक्षियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इनमें रिक्रूट आरक्षी 294 सुरजीत, 194 राजेश कुमार और 107 रवि कुमार शामिल हैं। यह पुरस्कार उनके उत्साहवर्धन के लिए दिया गया।

# सर्दी में पुलिसकर्मियों को मिलेगी गर्म चाय

## नोएडा पुलिस कमिश्नर ने शुरू की नई व्यवस्था

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने सर्दी के मौसम को देखते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के लिए एक नई पहल शुरू की है। इस व्यवस्था के तहत, एक्सप्रेस-वे, मुख्य चौराहों और सुनसान स्थानों पर तैनात पुलिसकर्मियों को उनके ड्यूटी स्थल पर प्रतिदिन गर्म चाय उपलब्ध कराई जाएगी। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यह सुविधा प्रतिदिन कम से कम दो या उससे अधिक बार सुनिश्चित की जाए। उन ड्यूटी स्थलों को प्राथमिकता दी जाएगी, जहाँ आसपास चाय की दुकानें काफी दूरी पर हैं। इस



पहल का मुख्य उद्देश्य ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को ठंड से बचाना और उन्हें पूरी सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में सहायता प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त, कमिश्नर ने सभी पुलिसकर्मियों को सर्दी से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने के भी निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया है कि गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट में नियुक्त सभी पुलिसकर्मियों को जल्द ही सर्दी से बचाव से संबंधित आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। इससे वे बढ़ती ठंड में भी सुरक्षित और स्वस्थ रहते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे।

## ग्रेटर नोएडा में चलती कार में लगी आग

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक चलती कार में आग लग गई। अजनारा गोल चक्कर के पास हुई इस घटना में कार सवार तीन लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई। कुछ ही मिनटों में आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह जलकर राख हो गई। जानकारी के मुताबिक, बुलंदशहर के रहने वाले देवेंद्र अपने दो साथियों के साथ दनकौर कोतवाली क्षेत्र के अट्टा फतेहपुर गांव स्थित फॉर्म हाउस गए थे। देर रात वापसी के दौरान अजनारा गोल चक्कर के पास उनकी कार से अचानक धुआं निकलने लगा। स्थिति को समझते हुए तीनों लोग तुरंत कार से बाहर निकल गए। इसके कुछ ही देर बाद कार में आग लग गई।

# ग्रेटर नोएडा में अवैध मीट दुकानों पर कार्रवाई की मांग

**जेवर।** शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने ग्रेटर नोएडा के देहात क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित मीट दुकानों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक ज्ञापन एसीपी-3 अरविंद कुमार को सौंपा। ज्ञापन में जिले और प्रदेश में नियमों का उल्लंघन कर चल रही मीट दुकानों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है।

गौरक्षक प्रमुख त्रिलोक गुर्जर नवादा ने बताया कि अवैध मीट दुकानों से निकलने वाला कचरा खुले में फेंका जाता है। इसे आवारा कुत्ते खाते हैं, जिससे वे मांसाहारी और आक्रामक हो गए हैं। ऐसे कुत्ते छोटे गोवंश और बच्चों पर हमला कर रहे हैं, जिससे कई लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। उन्होंने इस स्थिति को जनसुरक्षा और धार्मिक आस्था दोनों के लिए खतरा बताया। कार्यकर्ताओं ने विशेष रूप से मंदिरों के आसपास और सार्वजनिक स्थानों पर संचालित अवैध मीट दुकानों को तुरंत बंद कराने की मांग की। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए, तो 1 जनवरी से आंदोलन शुरू किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से सख्त कार्रवाई कर जनता को राहत दिलाने की अपील की।

## किसानों की समस्याओं पर 22 को महापंचायत

**गौतम बुद्ध नगर।** भारतीय किसान यूनियन ने 22 दिसंबर को होने वाली महापंचायत की तैयारियों के संबंध में शनिवार को अंसल हाउसिंग सोसाइटी में एक बैठक की। इस दौरान किसानों ने महापंचायत की रणनीति पर चर्चा की। जिला अध्यक्ष रॉबिन नागर ने बताया कि ग्रेटर नोएडा, नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्रों के किसान कई वर्षों से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। प्राधिकरणों ने विकास के नाम पर किसानों की उपजाऊ और पुश्तैनी जमीनें कम दामों पर अधिग्रहित कीं, लेकिन आज भी ये किसान मूलभूत सुविधाओं के लिए भटकने को मजबूर हैं। भारतीय किसान यूनियन द्वारा समय-समय पर धरना-प्रदर्शन, महापंचायत और प्रशासनिक वार्ताएं की गईं, फिर भी किसानों की समस्याएं अनसुलझी बनी हुई हैं।

# 5.6 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोपी साइबर ठग गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा की साइबर क्राइम पुलिस ने एक शातिर साइबर अपराधी फैजान को संभल जिले से गिरफ्तार किया है। फैजान पर फर्जी शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 5.6 करोड़ रुपये और एक अन्य मामले में 55 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। यह मामला 30 अक्टूबर को सामने आया, जब सेक्टर-50 निवासी एक महिला ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई। महिला ने बताया कि उसे व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया गया और एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग में निवेश से भारी लाभ का झांसा दिया गया। इस तरह उससे 5.6 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई, और यह धनराशि विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर की गई थी। पुलिस ने शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया। नोएडा साइबर क्राइम पुलिस ने फैजान को 55 लाख रुपये की एक अन्य धोखाधड़ी के मामले में भी शामिल पाया है। आरोपी के बैंक खाते के खिलाफ महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिम बंगाल, केरल, झारखंड, ओडिशा और तमिलनाडु जैसे राज्यों में एनसीआरपी पोर्टल पर कुल 15 शिकायतें दर्ज हैं। इस मामले में पहले भी दो आरोपी, साहब सिंह और नीरज, को 28 नवंबर, 2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका संपर्क मेरठ निवासी चरणजीत से हुआ था, जो करंट खाता उपलब्ध कराने के बदले अच्छी कमीशन देता था।

# शार्ट न्यूज

## ग्रेटर नोएडा में कर्मचारी से मारपीट

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक चाप विक्रेता कर्मचारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि चाप का ऑर्डर देर से देने और उसकी धार्मिक पहचान के कारण उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार, बिसरख थाना क्षेत्र स्थित एक चाप स्टॉल पर शुक्रवार शाम को कुछ युवक चाप खाने पहुंचे थे। दुकान पर पहले से भीड़ होने के कारण ऑर्डर तैयार होने में समय लगा। इसी बात को लेकर 3-4 युवकों ने दुकान पर काम कर रहे कर्मचारी से बहस शुरू कर दी। आरोप है कि बहस के दौरान युवकों ने पहले गाली-गलौज की और फिर कर्मचारी के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित ने बताया कि इस दौरान उसकी धार्मिक पहचान को उससे पूछा गया। मारपीट करने वाले आरोपियों ने खुद ही घटना का वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो बनाने वालों ने चाप विक्रेता पर नाम छिपाने का आरोप भी लगाया था। बिसरख थाना पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए पीड़ित इरफान की शिकायत पर दो नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## मकान से लाखों का सामान चोरी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित चूहड़पुर बांगर गांव में एक मकान से लाखों रुपये का कीमती सामान चोरी हो गया। पीड़ित इसरार ने शुक्रवार रात गांव के ही चार लोगों पर चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसरार के अनुसार, यह घटना गुरुवार रात की है। रात करीब 12 बजे आरोपितों ने उनके घर की दीवार काटकर भीतर प्रवेश किया। चोरों ने घर में रखा इन्वर्टर बैटरी, समरसेबिल पंप और अन्य लाखों रुपये का सामान चुरा लिया। चोरी के समय परिवार के सदस्य घर में ही मौजूद थे, लेकिन उन्हें वारदात की भनक तक नहीं लगी। शुक्रवार सुबह जब इसरार ने घर में सामान बिखरा और कुछ चीजें गायब देखीं, तब उन्हें चोरी का पता चला। उन्होंने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से भी पूछताछ की है। पीड़ित इसरार ने अपनी शिकायत में गांव के ही चार व्यक्तियों को नामजद किया है। उनका कहना है कि आरोपितों से उनका पहले भी विवाद चल रहा था।

## ग्रेटर नोएडा से युवती लापता

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित जगनपुर गांव से एक 18 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। युवती के मौसेरे भाई ने शनिवार को दनकौर कोतवाली में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अमरोहा जिले के मूल निवासी रोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी मौसी की बेटी पिछले लगभग चार महीने से उनके साथ जगनपुर गांव में रह रही थी। शुक्रवार सुबह वह अचानक घर से लापता हो गई। परिजनों ने आसपास के इलाकों और रिश्तेदारों से संपर्क कर युवती की तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। परिजनों ने युवती के लापता होने पर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि युवती किसी अज्ञात कारण से घर से चली गई होगी। हालांकि, अभी तक उसके लापता होने का कोई ठोस कारण सामने नहीं आया है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## पारसौल में आबादी अधिकारों पर महापंचायत

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के पारसौल गांव में शनिवार को पुरानी आबादी के अधिकारों को लेकर एक महापंचायत का आयोजन किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव की करीब 60 वर्ष पुरानी आबादी को यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण की नियोजन प्रक्रिया में सेक्टरों के नक्शे में शामिल नहीं किया गया है। इसी मुद्दे पर ग्रामीणों ने एकजुट होकर अपनी आवाज उठाई। महापंचायत में वक्ताओं ने बताया कि नक्शों में पुरानी आबादी को छोड़ दिए जाने के कारण ग्रामीणों को लगातार समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में निर्णय लिया गया कि ग्रामीण जल्द ही मुख्य कार्यपालक अधिकारी से मुलाकात करेंगे। इसके अतिरिक्त, स्थानीय विधायक और मुख्यमंत्री से भी मिलकर अपनी बात मजबूती से रखने की योजना है। पंचायत में यह भी तय किया गया कि यदि समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं हुआ तो विशेष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ग्रामीणों ने घोषणा की कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक किसानों और ग्रामीणों की आबादी से जुड़ी सभी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो जाता।

## क्रिसमस, न्यू ईयर पार्टियों पर सख्त नियम

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा में क्रिसमस और नववर्ष 2026 के आयोजनों को लेकर जिलाधिकारी मेधा रूपम ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। अब इन अवसरों पर होने वाली पार्टियों और अन्य कार्यक्रमों के लिए प्रशासन से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति आयोजन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि होटल, पब, रेस्टोरेंट, क्लब, पार्क, मैरिज लॉन और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी मनोरंजन कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन अनुमति लेनी होगी। इसके लिए निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है, जिससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। प्रशासन ने क्रिसमस और नववर्ष के दौरान लगातार निरीक्षण के लिए विशेष टीमें गठित की हैं। यदि कहीं भी बिना अनुमति पार्टी, कार्यक्रम, डीजे, झूले, मेला या अन्य मनोरंजन गतिविधि चलती पाई गई, तो उसे तत्काल बंद कराया जाएगा और आयोजकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी मेधा रूपम ने स्पष्ट किया कि ऐसे आयोजनों के दौरान आग लगने, भगदड़ और अन्य दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

## बाइक सवार बदमाश महिला से चेन लूटकर फरार

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट में बाइक सवार एक बदमाश महिला के गले से सोने की चेन लूट कर फरार हो गया। पीड़िता अपने पति के साथ बाइक से बाजार जा रही थी। पुलिस ने घटना के करीब 20 दिन बाद पति की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया। बिसरख कोतवाली पुलिस के मुताबिक सुपरटेक सोसाइटी में विवेक प्रकाश पाल परिवार के साथ रहते हैं। विवेक प्रकाश पाल ने पुलिस को बताया कि वह 29 नवंबर की रात करीब 8.30 बजे अपनी पत्नी प्रियंका पाल के साथ बाइक से खरीदारी करने जा रहे थे। वह पंचशील हाइनिश सोसाइटी के पास पहुंचे तो पीछे से बाइक सवार बदमाश ने प्रियंका के गले से सोने की चेन झपट ली।झपटमारी के दौरान टूटने के कारण चेन का करीब 65 प्रतिशत हिस्सा लेकर बदमाश भाग गया, जबकि बाकी हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि तहरीर प्राप्त होने पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस की टीम सीसीटीवी की फुटेज देख रही। बदमाश का पता लगाकर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## नीतीश का पुतला फूंकने के प्रयास में दो गिरफ्तार

**दनकौर।** दनकौर कोतवाली के उस्मानपुर गांव में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला फूंकने के प्रयास में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है बीते दिनों कथित तौर पर एक मुस्लिम महिला का हिजाब खींचे जाने के विरोध में गांव के युवाओं में नाराजगी देखने को मिल रही थी। शुक्रवार की दोपहर बाद गांव के काफी युवा एकत्र होकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और यूपी के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। हंगामा नारेबाजी कर रहे लोगों के हाथों में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला था।उन्होंने पुतला फूंकने का प्रयास किया इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया और भीड़ को तितर बितर कर दिया। पुतला फूटने के प्रयास के आरोप में पुलिस ने गांव के अलाउद्दीन और शाहरुख को हिरासत में लिया है। दनकौर कोतवाल मुनेद्र सिंह का कहना है कि गांव में पूर्ण शांति है। दोनों युवकों को शांति भंग की आशंका में निरुद्ध किया गया है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील अमरिया का सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न



**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील अमरिया में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 48 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 09 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभागीय शिकायतों का गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर शिकायतों की जांच करें तथा शिकायतकर्ता और दोनों पक्षों को बुलाकर निष्पक्ष समाधान कराएं।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि सभी निस्तारण की आख्या पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड की जाए। राजस्व से संबंधित मामलों में जहां पुलिस की आवश्यकता हो, वहां पुलिस प्रशासन के सहयोग से मौके पर निस्तारण कराया जाए। उन्होंने जनसुनवाई एवं आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के प्रभावी निस्तारण पर विशेष जोर दिया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा आए हुए फरियादियों को कंबल वितरित किए गए। साथ ही मृतक खातेदारों की वरासत की खतौनी उनके वारिसों को प्रदान की गई।

इस अवसर पर मुख्य अधीक्षक अभिषेक यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी अमरिया, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता विद्युत एवं जल निगम, जिला समाज कल्याण अधिकारी, सहायक निबंधक सहकारिता, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, तहसीलदार अमरिया, खंड विकास अधिकारी, थानाध्यक्ष सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बलरामपुर अस्पताल में इंटर्न को तड़ातड़ जड़े कई थप्पड़

**लखनऊ।** लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी ऑपरेशन थिएटर में शुक्रवार को डॉक्टर ने फार्मेसी इंटर्न को एक के बाद एक कई थप्पड़ जड़ दिए। इसे लेकर वहां पर हंगामा हो गया। आरोप है कि इंटर्न बिना शू-कवर पहने ओटी में घुस गया था। फार्मेसी इंटर्न ने डॉक्टर पर मारपीट और गाली-गलौज किए जाने का आरोप लगाते हुए निदेशक को शिकायत दर्ज कराई है। बलरामपुर अस्पताल में फार्मेसी की इंटर्नशिप करने वाले छात्र सोमेश की ड्यूटी इमरजेंसी में लगी थी। शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे एक बच्चे की ड्रेसिंग करने के लिए वह इमरजेंसी ओटी में गया था। ओटी में मौजूद डॉक्टर ने बिना शू-कवर पहनकर अंदर आने पर इंटर्न पर भड़क उठे। आरोप है कि डॉक्टर ने इंटर्न को कई थप्पड़ जड़ दिए। इससे वहां पर हंगामा हो गया। काफी देर तक वहां पर चिकित्सकीय कार्य बाधित रहा। पीड़ित ने इसकी शिकायत अस्पताल निदेशक से की है। निदेशक ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

# अहिरपुर नगला में किसान पाठशाला का आयोजन, प्राकृतिक खेती पर दिया जोर



**बीसलपुर।** विकासखंड क्षेत्र के गांव अहिरपुर नगला में कृषि विभाग द्वारा किसान पाठशाला का आयोजन किया गया।

पाठशाला में किसानों को प्राकृतिक खेती, आधुनिक कृषि यंत्रों और विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर अनिल वर्मा ने कहा कि प्राकृतिक खेती अपनाने और उन्नत कृषि यंत्रों के प्रयोग से उत्पादन लागत घटती है और पैदावार में वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि सरकार समय से सब्सिडी काटकर धान, गेहूं, मसूर व सरसों के प्रमाणित बीज उपलब्ध करा रही है।उन्होंने किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को मिलने वाली 2000 की सहायता राशि का सही उपयोग करने की सलाह दी, ताकि समय पर सिंचाई और फसल सुरक्षा संभव हो सके। साथ ही खरीफ फसलों पर विशेष ध्यान देने और आवश्यकता अनुसार कीटनाशकों के प्रयोग की जानकारी दी गई।

इस मौके पर गंगा प्रकाश, गया प्रसाद, रामदीन, पूरनलाल, प्यारेलाल, सियाराम, ज्ञान प्रकाश, सत्यवीर, संजय, राम बहादुर, उग्रसेन, दाताराम, महिपाल, संजीव कुमार, मुकेश कुमार, महेंद्र पाल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# सहारनपुर में किशोर हत्याकांड में दो को उम्रकैद...एक बरी

**सहारनपुर।** सहारनपुर कोर्ट ने 6 साल पहले हुए शोएब (16) हत्याकांड में दो अभियुक्तों को दोषी करार दिया है।

कोर्ट ने दोनों अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोनों अभियुक्तों पर 2.10 लाख का जुर्माना भी लगाया है।2019 में किशोर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। शनिवार को अपर सत्र न्यायाधीश (एडीजे-01) की कोर्ट ने पत्रावली पर आए साक्ष्यों और गवाहों की गवाही के आधार ये सजा सुनाई है।

एडीजीसी राजवीर सिंह ने बताया कि थाना गागलहेड़ी क्षेत्र के गांव सैय्यद माजरा निवासी अब्दुल कादिर के भतीजे शोएब की 4 मार्च 2019 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के चाचा अब्दुल कादिर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि गांव के ही रहने वाले मतीन, मुकीम और शहजाद ने साजिश के तहत शोएब को गोली मार दी, जिससे मौके पर ही शोएब की मौत हो गई।

हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

# किसान सहकारी चीनी मिल पहुंचीं दिव्या गंगवार, किसानों की समस्याएं सुनीं

### बोलीं भ्रष्टाचार में लिप्त हर अधिकारी पर होगी कार्रवाई, किसानों का शोषण नहीं सहेंगे

**बीसलपुर।** किसान सहकारी चीनी मिल में व्याप्त अव्यवस्थाओं और किसानों की समस्याओं को लेकर सपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव एवं विधानसभा 130 की पूर्व प्रत्याशी दिव्या गंगवार अपने पति चौधरी प्रदीप सिंह पटेल के साथ मिल पहुंचीं और किसानों से सीधे संवाद किया।

किसानों ने बताया कि दिव्या गंगवार के हस्तक्षेप के बाद स्थिति में काफी सुधार हुआ है। अब 12 घंटे के भीतर ट्रैक्टर-ट्रॉली खाली होकर घर लौट रही हैं और मिल प्रशासन द्वारा अलाव की भी व्यवस्था की गई है।



दिव्या गंगवार ने कहा कि उनकी कार्रवाई के बाद मिल प्रशासन हरकत में आया है। चीफ केमिस्ट और चीफ इंजीनियर को निलंबित किया जा चुका है, जबकि प्रधान प्रबंधक और सीसीओ अवधेश कुमार की जांच चल रही है। उन्होंने दो टूक कहा कि मंडी समिति, तहसील विभाग या चीनी मिल—कहीं भी भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि मरम्मत के नाम पर आए करोड़ों रुपये की बंदरबांट की गई है। अब ऐसी लापरवाही नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों का शोषण बढ़ा है, जबकि सपा सरकार में हर साल गन्ना मूल्य बढ़ाया गया। दिव्या गंगवार ने कहा कि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और किसानों का वास्तविक हित सपा सरकार में ही सुरक्षित है। इस दौरान रूपलाल महातिया, अभय गंगवार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गन्ना विकास विभाग पीलीभीत ने किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु जारी किए हेल्पलाइन नंबर

### कंट्रोल रूम, व्हाट्सएप, सीयूजी नंबर एवं किसान हेल्प डेस्क के माध्यम से मिलेगी त्वरित सहायता

**पीलीभीत।** जनपद पीलीभीत में गन्ना किसानों से जुड़ी समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से गन्ना विकास विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। विभाग ने किसानों की सुविधा के लिए गन्ना आयुक्त कार्यालय के कंट्रोल रूम, टोल फ्री नंबर, व्हाट्सएप सुविधा, सीयूजी नंबर एवं किसान हेल्प डेस्क के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की व्यवस्था की है। टोल फ्री एवं व्हाट्सएप पर दर्ज कराएं शिकायत गन्ना विकास विभाग से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान हेतु किसान भाई गन्ना आयुक्त कार्यालय के कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 1800-121-3203 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसान अपनी समस्या को मोबाइल नंबर 7081202121 पर लिखित रूप में व्हाट्सएप के माध्यम से भी भेज सकते हैं। सर्किल एवं परिषद स्तर पर भी समाधान की सुविधा किसान अपने सर्किल के गन्ना पर्वेक्षक से संपर्क कर सकते हैं अथवा अपनी गन्ना विकास परिषद के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक से उनके सीयूजी (सी यू जी) मोबाइल नंबर पर सीधे संवाद कर सकते हैं, जिससे समस्याओं का स्थानीय स्तर पर शीघ्र समाधान किया जा सके।

गन्ना सर्वे एवं भूमि दर्ज कराने हेतु संपर्क सूत्र गन्ना सर्वे, भूमि (ज़मीन) दर्ज कराने एवं संबंधित कार्यों के लिए निम्न अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, पीलीभीत – 7081202507 ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, बरखेड़ा – 7081202511 ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, मझोला -7081202510 ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, बीसलपुर -7081202509 ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, पूरनपुर -7081202508 आधार, मोबाइल, बैंक खाता एवं गन्ना कैलेंडर संबंधी जानकारी आधार नंबर, मोबाइल नंबर, बैंक खाता नंबर दर्ज कराने एवं गन्ना कैलेंडर से संबंधित जानकारी हेतु किसान निम्न अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

## लखनऊ : नवंबर में दर्ज 7 मुकदमों में 12 को सजा

**लखनऊ।** लखनऊ में हत्या और जानलेवा हमलों जैसे गंभीर अपराधों को लेकर अब कोई नरमी नहीं बरती जा रही है। लखनऊ पुलिस द्वारा संचालित 'ऑपरेशन कन्विक्शन' ने नवम्बर माह में 7 मुकदमों में 10 दोषियों को सजा हुई है। दो को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालयों ने हत्या, दोषपूर्ण मानव वध और उनके प्रयास जैसे मामलों में दोषियों को कठोर सजा सुनाई है, जिससे अपराधियों में साफ तौर पर भय और आमजन में विश्वास बढ़ा है। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत नवंबर 2025 में लखनऊ पुलिस ने कुल सात अभियोगों में प्रभावी और सशक्त पैरवी की।

# मायावती बोलीं नीतीश करें पश्चाताप

**उत्तर प्रदेश।** बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को बिहार से जुड़े मुद्दे पर पहली बार तीखी प्रतिक्रिया दी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक मुस्लिम महिला डॉक्टर का नकाब हटाने की घटना को लेकर उन्होंने पश्चाताप करने और विवाद समाप्त करने की सलाह दी। मायावती ने इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के बहराइच पुलिस विवाद, विधानसभा और संसद के शीतकालीन सत्र की निष्क्रियता तथा बांग्लादेश में बढ़ते भारत-विरोधी हालात पर भी सरकारों को घेरा। मायावती ने सबसे पहले बिहार के विवादित नकाब प्रकरण पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को घेरा। उन्होंने कहा,बिहार के मुख्यमंत्री द्वारा डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र वितरण के सार्वजनिक कार्यक्रम में एक मुस्लिम



महिला डॉक्टर का हिजाब (चेहरे का नकाब) हटाने का मामला सुलझने के बजाय, खासकर मंत्रियों आदि की बयानबाजी के कारण लगातार तूल पकड़ता जा रहा है, जो दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि यह मामला महिला सुरक्षा और सम्मान से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि देश के कई हिस्सों में ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं। बेहतर होगा कि मुख्यमंत्री इस घटना को सही परिप्रेक्ष्य में देखें, इसके लिए पश्चाताप करें और विवाद को यहीं समाप्त करने का प्रयास करें।

# महिला दरोगा और हेड कांस्टेबल घूस लेते पकड़े गए

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एंटी करप्शन मेरठ यूनिट की टीम ने शनिवार को एक महिला दरोगा और एक सिपाही को 50 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जैसे ही एंटी करप्शन की टीम का पता चला तो एक अन्य दरोगा वहां से भाग निकला।

एंटी करप्शन की टीम महिला दरोगा और हेड कॉन्स्टेबल घसीटते हुए गाड़ी में बैठाकर ले गई। हेड कॉन्स्टेबल का मुरादनगर थाने में एक तरफा सिक्का चलता था। वहीं महिला दरोगा पिंक बूथ की प्रभारी थी। इन पर दहेज उत्पीड़न के एक मामले में चार्जशीट से दो व्यक्तियों के नाम हटाने के लिए दो लाख रुपये मांगने का आरोप है। मामला मुरादनगर थाना क्षेत्र का है।

हापुड़ जिले के खड़खड़ी गांव निवासी रजनीश त्यागी के खिलाफ 12 अक्टूबर को मुरादनगर थाने में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले की जांच पिंक बूथ प्रभारी महिला दरोगा प्रिया सिंह कर रही थीं।

आरोप है कि दरोगा प्रिया सिंह, रजनीश त्यागी से उनकी मां कुसुम त्यागी और पिता संजीव त्यागी का नाम चार्जशीट से हटाने के लिए दो लाख रुपये की मांग कर रही थीं। रिश्वत के पैसों को लेकर सिपाही शाहिद डील कर रहा था। बताया जा रहा है कि पैसे न देने पर आरोपियों को जेल भेजने की धमकी भी दी जा रही थी।

# एसपी ने किया महरौनी थाने का आकस्मिक निरीक्षण

**ललितपुर।** महरौनी एसपी ने शनिवार को महरौनी थाने का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा थाना महरौनी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । थाना कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यालय में साफ-सफाई, कार्यालय से सम्बन्धित अभिलेखों के रखरखाव व अद्धतन स्थिति को चेक किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । थाना परिसर- थाना महरौनी परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, आगन्तुकगण व अधि0/कर्म0गण की मूलभूत सुविधायें का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को उचित रूप से परिसर



की साफ, स्वच्छ एवं हरित रखने हेतु निर्देशित किया गया है ।

मिशन शक्ति केन्द्र- निरीक्षण के दौरान मिशन शक्ति केन्द्र में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सहायता तथा परामर्श से सम्बन्धित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया । मिशन शक्ति केन्द्र के रजिस्टरों के रखरखाव एवं शिकायत निस्तारण की स्थिति को गहनता से देखा गया तथा अधि0/कर्म0गण को निर्देशित किया गया कि महिला सम्बन्धी शिकायती प्रार्थना पत्रों पर पुलिस महानिदेशक महोदय, उ0प्र0 द्वारा निर्गत डीजी परिपत्र में निर्गत निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन, करना सुनिश्चित करें ।निरीक्षण के दौरान महोदय ने संबंधित कर्मचारियों को महिला सुरक्षा एवं सम्मान से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता, त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए । साथ ही, मिशन शक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक निर्देश भी प्रदान किए गए।

महिला सम्बन्धी अपराधों से सम्बन्धित विवेचनात्मक कार्यवाही में वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन जैसे एफएसएल, सर्विलांस, साइबर आदि से सम्बन्धित साक्ष्यों का अनिवार्य रूप से सम्मिलित करना सुनिश्चित करें । जनपद के सभी मिशन शक्ति केन्द्र के लिये सीयूजी नम्बर आवंटित किया गया है, थाना महरौनी के मिशन शक्ति केन्द्र के सीयूजी नं0- 9454406972 का व्यापक प्रचार प्रसार करने तथा प्राप्त शिकायतों का उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

## शार्ट न्यूज

### पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**ललितपुर।** सौजना पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सौजना पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0- 200/2025 धारा 137(2)/65(1)/87 बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त- राजू उर्फ भज्जू कुशवाहा पुत्र खज्जू कुशवाहा उम्र करीब 30 वर्ष नि0 ग्राम ककरवाहा मुहल्ला बीरनगर थाना बडागांव जिला टीकमगढ़ म0प्र0 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम अजय पाल सिंह थानाध्यक्ष उ. नि. प्रवीण गिरि हे.कां. नीरज कुमार आदि शामिल रहे।

### सिंगल यूज प्लास्टिक पर निगम ने लगाया जुर्माना

**लखनऊ।** लखनऊ में शनिवार को शहर के अलग-अलग जोनों में सिंगल यूज प्लास्टिक, गंदगी और अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस मौके पर गंदगी फैलाने वाले लोगों के खिलाफ चलान किया गया। जोन 1 के लालबाग स्थित चारमीनार रेस्टोरेंट में सिंगल यूज पॉलीथिन के इस्तेमाल पर 5000 रुपए का चालान किया गया।आसपास की अन्य दुकानों द्वारा गंदगी फैलाने पर कुल 1,400 रुपए का चालान काटा गया। यह कार्रवाई जोनल सेनेटरी ऑफिसर कुलदीपक सिंह के निर्देशन में एसएफआई सुनील वर्मा की टीम ने की। जोन-2 के अम्बेडकर नगर क्षेत्र में मवैया पुल के नीचे और मछली मंडी के आसपास अतिक्रमण और गंदगी के खिलाफ अभियान चलाया गया। निगम की टीम ने कुल 21 दुकानों का निरीक्षण किया। सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर 3 चालान कर 9500 रुपए, जबकि अतिक्रमण और गंदगी के मामलों में 9 चालान कर 16000 रुपए का जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई जोनल सेनेटरी अधिकारी रामसकल यादव के नेतृत्व में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजेश कुमार कुशवाहा, देवेंद्र कुमार वर्मा और टीम-296 द्वारा की गई।अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### अंबेडकरनगर में 7 गौतस्कर गिरफ्तार

**अम्बेडकरनगर।** अंबेडकरनगर में कटका थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सात गौतस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से वध के लिए ले जाए जा रहे तीन गौवंश और तीन पिकअप वाहन भी बरामद किए हैं। यह गिरफ्तारी मुखबिर की सटीक सूचना पर की गई। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेंद्र कुमार ने बताया कि 19 दिसंबर को कटका थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार, ग्राम नूरपुरकला (रामापुर) के सर्विस रोड पर स्थित तालाब के पास पिकअप वाहनों में गौवंश लादे जा रहे थे। पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर मौके पर दबिश दी। घेराबंदी के दौरान पुलिस ने तीन अलग-अलग पिकअप वाहनों से तीन गौवंशीय पशुओं को बरामद किया। मौके से सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान आबिद अहमद पुत्र लूटन नट, आशाराम पुत्र रामजीत, सेवाराम पुत्र कोमल, अनिल कुमार, रामबचन पुत्र रामसरीख, बीरबल कुमार पुत्र लोकनाथ और गगनदीप पुत्र सिद्धनाथ के रूप में हुई है। बरामद किए गए वाहनों की ई-चालान एप्लीकेशन पर जांच करने पर एक पिकअप वाहन की नंबर प्लेट में रजिस्ट्रेशन नंबर में भिन्नता पाई गई।

### महोबा में दिव्यांगजन अनिश्चितकालीन धरने पर

**महोबा।** महोबा में दिव्यांगजन अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। यह प्रदर्शन शहर के अंबेडकर पार्क में विकलांग कल्याण समिति के बैनर तले किया जा रहा है। उनकी मुख्य मांगों में विकलांग पेंशन में बढ़ोतरी और आयुष्मान कार्ड शामिल हैं। दिव्यांगजनों का आरोप है कि प्रशासन कई महीनों से उनकी मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। इसी अनदेखी के विरोध में जिले भर से आए दिव्यांगजन और उनके परिजन अब सड़क पर उतर आए हैं। धरने में जिले के विभिन्न गांवों से आए वृद्ध विकलांग और विधवा महिलाएं भी शामिल हैं। विकलांग कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश भारती के नेतृत्व में दिव्यांगजन अपना आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं। मुकेश भारती ने बताया कि कई गांवों में दिव्यांगजन अपनी समस्याओं और अधिकारों के लिए बार-बार अधिकारियों के पास जाते हैं, लेकिन उनकी शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जाता। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मूलभूत मांगों का समाधान नहीं किया जाता, वे धरने पर बने रहेंगे।

### क्रिसमस-डे पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध

हापुड़। हापुड़ की मेरठ रेंज में क्रिसमस-डे के अवसर पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक पुलिस प्रबंध किए गए हैं। पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) मेरठ परिक्षेत्र, कलानिधि नैथानी ने बताया कि 25 दिसंबर को क्रिसमस पर्व हर्षोल्लास और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। चर्चों में विशेष प्रार्थनाएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनके सुरक्षित आयोजन को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सुरक्षा व्यवस्था के तहत मेरठ रेंज के विभिन्न जनपदों में कुल 24 राजपत्रित अधिकारी और 1207 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें 5 अपर पुलिस अधीक्षक, 19 क्षेत्राधिकारी, 59 निरीक्षक, 239 उप निरीक्षक, 312 मुख्य आरक्षी, 379 आरक्षी, 218 होमगार्ड/पीआरडी तथा एक कंपनी पीएसी शामिल है।मेरठ परिक्षेत्र में कुल 60 चर्च हैं, जिनमें मेरठ में 30, बुलंदशहर में 14, बागपत में 8 और हापुड़ में 6 चर्च शामिल हैं। जनपद मेरठ में एक शोभायात्रा प्रस्तावित है, जबकि कुल 63 सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### व्हाट्सएप पर लिंक भेजकर फोन हैक किया

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर पुलिस ने साइबर ठगी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित के खाते में 14,100 की धनराशि वापस कराई है। लालगंज थाना की साइबर सेल टीम ने पीड़ित का वॉट्सऐप अकाउंट भी रिकवर कर दिया। यह मामला लालगंज थाना क्षेत्र के बनवारी निवासी राजबहादुर पाल से जुड़ा है। उन्होंने NCRP पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके वॉट्सऐप नंबर पर एक संदिग्ध लिंक भेजा। इस लिंक पर क्लिक करते ही उनका वॉट्सऐप अकाउंट हैक हो गया और ठगों ने उनके खाते से 24,074 निकाल लिए। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन और क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में लालगंज थाना की साइबर सेल टीम ने तत्काल जांच शुरू की। टीम ने बैंक और संबंधित मर्चेंट से समन्वय स्थापित कर 24 घंटे के भीतर 14,100 की राशि पीड़ित के खाते में वापस करा दी। शेष धनराशि की वापसी के लिए भी प्रयास जारी हैं। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित राजबहादुर पाल ने थाने पहुंचकर पुलिस के उच्चाधिकारियों और साइबर सेल टीम का आभार व्यक्त किया।

# पुलिस ने बरामद किए चार खोए मोबाइल, मालिकों को सौंपा

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में थाना तालबेहट व थाना जखौरा पर जनसुनवाई/पोर्टल पर गिरे / खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी । थाना तालबेहट व थाना जखौरा पुलिस की साइबर क्राइम हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने



पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित CEIR पोर्टल पर सम्बंधित मोबाइल फोन की डिटेल अपलोड कर सम्बंधित एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त डेटा का अवलोकन व विशलेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर थाना तालबेहट द्वारा 02 तथा थाना जखौरा द्वारा 02 गिरे हुए / खोये हुए मोबाइल फोन्स बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया ।

पीड़ितों के मोबाइल फोन उन्हें वापस मिलने पर, उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक, ललितपुर व थाना तालबेहट व थाना जखौरा पुलिस की भूरि – भूरि प्रशंसा की गयी ।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं छात्राओं को किया जागरूक

ललितपुर। नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव



आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की । आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर्स। 1090 वूमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन , 181 महिला हेल्पलाइन , 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन साइबर अपराध से बचाव के लिए निम्न जानकारियाँ दी गई। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें ।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
रविवार 21 दिसंबर 2025
Www.vishalindia.in

## संक्षिप्त समाचार

### अफगानिस्तान में 4.1 तीव्रता का भूकंप

**झकाबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान में शुक्रवार को 4.1 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार भूकंप की गहराई 10 किलोमीटर रही, जिससे जमीन के तेज हिलने और आफ्टरशॉक की आशंका बनी हुई है। एनसीएस ने बताया कि भूकंप 19 दिसंबर 2025 को रात 12:14 बजे (आईएसटी) आया, जिसका केंद्र अफगानिस्तान में 36.76 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 72.08 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था। विशेषज्ञों के मुताबिक उथले भूकंप ज्यादा खतरनाक माने जाते हैं, क्योंकि उनकी तरंगें सतह तक कम दूरी तय करती हैं और नुकसान की आशंका बढ़ जाती है। इससे पहले 15 दिसंबर को भी अफगानिस्तान में 4.0 तीव्रता का भूकंप आया था।अफगानिस्तान हिंदूकुश क्षेत्र में स्थित होने के कारण भूकंपीय दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। नवंबर में आए 6.3 तीव्रता के भूकंप में कई लोगों की मौत और बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ था।

### पाकिस्तान ने इस्लामिक स्टेट के स्थानीय संगठन के प्रवक्ता को किया गिरफ्तार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों ने इस्लामिक स्टेट के स्थानीय संगठन 'इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत (आईएसकेपी)' के प्रवक्ता को गिरफ्तार कर लिया है। यह वही आतंकी है, जिसे अमेरिका ने 2021 में आतंकवादी घोषित किया था। यह जानकारी गुरुवार को सरकारी मीडिया ने दी। विश्लेषकों का कहना है कि इस गिरफ्तारी से इस उग्रवादी संगठन को बड़ा झटका लगा है, जो हाल के वर्षों में क्षेत्र में फिर से खुद को मजबूत करने की कोशिश कर रहा था। पाकिस्तान टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, यह गिरफ्तारी मई महीने में हुई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सुल्तान अजीज अजाम, जो आईएसकेपी का प्रवक्ता है, को अफगानिस्तान से पाकिस्तान में प्रवेश करने की कोशिश के दौरान हिरासत में लिया गया। अजीज अजाम मूल रूप से अफगानिस्तान के पूर्वी नंगरहार प्रांत का रहने वाला है। पाकिस्तानी सरकार ने गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की है।

### यरुशलम में अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स की पुलिस से झड़प, कई घायल

**यरुशलम, एजेंसी।** इस्राइल के यरुशलम के अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स (हरेदीम) यहूदी बहुल इलाके में गुरुवार को उस वक्त हिंसक झड़प हो गई, जब इस्राइली अधिकारियों ने एक सामान्य पार्किंग चालान काटने की कोशिश की। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए और पुलिस पर हमला कर दिया, जिसमें 13 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने चार प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार एक पुलिस इंस्पेक्टर द्वारा पार्किंग टिकट जारी करने की कोशिश के दौरान उस पर हिंसा और धमकियां दी गई। पुलिस ने शुरू में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया, लेकिन इसके बाद सैकड़ों अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स प्रदर्शनकारी मौके पर पहुंच गए और संदिग्ध को छुड़ाने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस वाहनों को नुकसान पहुंचाया गया और पुलिस पर पत्थर व अंडे फेंके गए।

### खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सुहैल अफरीदी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की एक जिला अदालत ने खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सुहैल अफरीदी के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। यह कार्रवाई गुरुवार को अदालत में पेश न होने के कारण की गई। इस्लामाबाद की एक वरिष्ठ सिविल जज की अदालत में राज्य संस्थानों के खिलाफ कथित रूप से भ्रामक आरोप लगाने और उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने से जुड़ा मामला चल रहा है। सुनवाई के दौरान न तो मुख्यमंत्री सुहैल अफरीदी और न ही उनके वकील अदालत में उपस्थित हुए। न्यायाधीश अब्बास शाह ने गैर-हाजिरी को गंभीर मानते हुए गैर-जमानती वारंट जारी करने का आदेश दिया। यह मामला राष्ट्रीय साइबर अपराध जांच एजेंसी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक अपराध निवारण अधिनियम के तहत दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि अदालत ने 11 दिसंबर को पहले ही मुख्यमंत्री के खिलाफ जमानती वारंट जारी किए थे।

### एफबीआई के उप निदेशक डैन बोंगिनो जनवरी में देंगे इस्तीफा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के उप निदेशक डैन बोंगिनो ने कहा कि वह अगले महीने इस्तीफा दे देंगे। उनके कार्यकाल के दौरान अमेरिकी निवेशक एंव यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन की फाइलों को लेकर न्याय मंत्रालय के साथ उनका टकराव हुआ। बोंगिनो के इस्तीफे की पहले से ही उम्मीद थी और उनका इस्तीफा ट्रंप प्रशासन के सबसे चर्चित इस्तीफों में से एक होगा।

# एपस्टीन सेक्स स्कैंडल की 68 नई तस्वीरें जारी: बिल गेट्स महिलाओं के साथ दिखे

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** एपस्टीन सेक्स स्कैंडल से जुड़ी 68 नई तस्वीरें सामने आई हैं। इन तस्वीरों को गुरुवार देर रात अमेरिकी संसद की हाउस ओवरसाइट कमेटी के डेमोक्रेट सांसदों ने रिलीज किया है। इनमें से दो तस्वीरों में अरबपति बिल गेट्स महिलाओं के साथ नजर आ रहे हैं। हालांकि यह साफ नहीं है कि दोनों महिलाएं एक ही हैं या अलग-अलग। इसके अलावा गूगल बनाने वाले सर्गेई ब्रिन, फिल्ममेकर वुडी एलन, फिलॉस्फर नोम चॉम्स्की और ट्रम्प के पूर्व सलाहकार स्टीव बैनन समेत कई लोग नजर आ रहे हैं।



यहां यह साफ कर दें कि इन तस्वीरों का यह मतलब नहीं है कि ये लोग किसी गलत काम में शामिल थे। इसकी जानकारी एपस्टीन फाइल्स के सामने आने के बाद ही आएगी। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट कल इस सेक्स स्कैंडल से जुड़ी सभी फाइलें रिलीज करने वाला है। इससे पहले 12 दिसंबर को 19 तस्वीरें जारी की गई थीं, जिनमें भी बिल गेट्स नजर आए थे।

**तस्वीरों में महिला के शरीर पर मैसेज लिखा दिखा :** नई तस्वीरों में महिला के शरीर के अलग-अलग हिस्सों पर हाथ से लिखे गए मैसेज दिखाई दे रहे हैं। [illegible] की रिपोर्ट के मुताबिक यह मशहूर किताब लोलिता से लिए गए मैसेज हैं। एक तस्वीर में इस किताब की कॉपी भी पीछे नजर आती है।

'लोलिता' एक विवादित उपन्यास है। इसमें एक नाबालिग लड़की के शोषण की कहानी लिखी है। इसी वजह से महिला के शरीर पर इस किताब से जुड़े मैसेज को लेकर लोग सवाल उठा रहे हैं। इसे संवेदनशील मामला माना जा रहा है। फिलहाल यह साफ नहीं है कि ये सभी मैसेज एक ही महिला के शरीर पर लिखे गए हैं या अलग-अलग महिलाओं पर। तस्वीरें किस मकसद से ली गईं, इसकी भी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है।

**वॉट्सऐप चैट का एक स्क्रीनशॉट भी जारी :** जारी की गई तस्वीरों में एक स्क्रीनशॉट भी शामिल है, जिसमें किसी अनजान भेजने वाले की वॉट्सऐप चैट दिखती है। इन मैसेज में से एक में 'फ्रेंड स्काउट' का जिक्र है और कहा गया है कि उसने 'हर लड़की के बदले 1000 डॉलर' मांगे हैं। इसे भेजने वाले का अगला मैसेज है, 'मैं अब तुम्हें लड़कियां भेजूंगा'। फिलहाल यह साफ नहीं है कि ये मैसेज किसके है, किसे भेजे गए और 'जे' किस व्यक्ति के लिए लिखा गया है।

**न्यूयॉर्क टाइम्स के कॉलमिस्ट भी दिखे, अखबार ने बयान जारी किया :** न्यूयॉर्क टाइम्स के कॉलमिस्ट डेविड ब्रूक्स भी एक तस्वीर में दिखे हैं। ऐसा लगता है कि डेविड ब्रूक्स किसी लंच या डिनर कार्यक्रम में शामिल थे। वे गूगल के सह-संस्थापक सर्गेई बिन के पास बैठे हुए दिखाई देते हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक बयान में कहा कि यह कार्यक्रम 2011 में हुआ था, यानी उस समय के तीन साल बाद, जब जेफ्री एप्सटीन ने फ्लोरिडा में 18 साल से कम उम्र की नाबालिग से वेश्यावृत्ति के लिए संपर्क करने के आरोप में खुद को दोषी माना था। न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, डेविड ब्रूक्स ने उस कार्यक्रम के बाद एप्सटीन से कभी कोई संपर्क नहीं किया।

**एपस्टीन के ठिकाने से 95 हजार तस्वीरें बरामद :** रिपब्लिकन-सांसदों के नेतृत्व वाली इस कमेटी को एप्स्टीन के ठिकाने से अब तक हजारों डॉक्यूमेंट, ईमेल और 95000 से ज्यादा तस्वीरें मिली हैं। रिपब्लिनक सांसदों ने डेमोक्रेट्स पर सिर्फ चुनिंदा तस्वीरें जारी करने का आरोप लगाया है, जिनका मकसद ट्रम्प को निशाना बनाना है। रिपब्लिनक सांसदों का कहना है कि दस्तावेजों में ट्रम्प के गलत काम करने का कोई सबूत नहीं है।

**कौन था जेफ्री एपस्टीन:** जेफ्री एपस्टीन न्यूयॉर्क का करोड़पति फाइनेंसर था। उसकी बड़े नेताओं और सेलिब्रिटीज से दोस्ती थी। उस पर 2005 में नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगा। 2008 में उसे नाबालिग से सेक्स की मांग करने का दोषी ठहराया गया। उसे 13 महीने की जेल हुई। 2019 में जेफ्री को सेक्स ट्रैफिकिंग के आरोपों में गिरफ्तार किया गया। लेकिन मुकदमे से पहले ही उसने जेल में आत्महत्या कर ली। उसकी पार्टनर घिसलीन मैक्सवेल को 2021 में उसकी मदद करने के आरोपों में दोषी करार दिया गया। वह 20 साल की सजा काट रही है।

## अमेरिका में ग्रीन कार्ड लॉटरी प्रोग्राम निलंबित

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीन कार्ड लॉटरी कार्यक्रम (डाइवर्सिटी वीजा प्रोग्राम) को निलंबित करने का फैसला किया है। एपी के हवाले से पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, यह कदम उस खुलासे के बाद उठाया गया है, जिसमें बताया गया कि ब्राउन यूनिवर्सिटी और एमआईटी से जुड़ी फायरिंग के एक संदिग्ध को इसी लॉटरी कार्यक्रम के जरिए अमेरिका में प्रवेश मिला था।



**सुरक्षा पर उठे सवाल :** ट्रंप ने इस फैसले को राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ते हुए कहा कि ग्रीन कार्ड लॉटरी जैसे कार्यक्रमों के जरिए अमेरिका में आने वालों की पृष्ठभूमि की गहन जांच जरूरी है। उनका मानना है कि मौजूदा प्रणाली में खामियां हैं, जिनका गलत फायदा उठाया जा सकता है।

**क्या है ग्रीन कार्ड लॉटरी :** ग्रीन कार्ड लॉटरी, जिसे आधिकारिक तौर पर डाइवर्सिटी वीजा प्रोग्राम कहा जाता है, हर साल हजारों लोगों को अमेरिका में स्थायी निवास का अवसर देता है। इसका उद्देश्य उन देशों के नागरिकों को मौका देना है, जहां से अमेरिका में कम संख्या में प्रवासी आते हैं।

**ब्राउन यूनिवर्सिटी में गोलीबारी का संदिग्ध मृत मिला, आत्महत्या करने की आशंका : वॉशिंगटन, एजेंसी।** बीते दिनों ब्राउन यूनिवर्सिटी में गोलीबारी कर दो लोगों की जान लेने वाला संदिग्ध मृत पाया गया है। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध न्यू हैंपशायर के एक गोदाम में गुरुवार शाम मृत पाया गया। माना जा रहा है कि आरोपी ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है। जांचकर्ताओं का मानना है कि संदिग्ध ने ब्राउन यूनिवर्सिटी में गोलीबारी के साथ ही हाल ही में ब्रुकलिन में एमआईटी के प्रोफेसर की भी हत्या की थी। हालांकि दोनों घटनाओं में क्या संबंध है, इस बारे में पुलिस ने कुछ नहीं बताया।

**ब्राउन यूनिवर्सिटी की गोलीबारी में दो लोगों की मौत हुई :** बीते शनिवार को ब्राउन यूनिवर्सिटी में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हुई थी और नौ अन्य लोग घायल हुए थे। इस मामले की जांच गुरुवार को तब बदल गई, जब अधिकारियों ने कहा कि वे ब्राउन में हुई सामूहिक गोलीबारी और बोस्टन के पास दो दिन बाद हुए हमले के बीच संबंध की जांच कर रहे हैं, जिसमें मैसाच्युसेट्स यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर नूनो एफजी लोरेइरो की मौत हो गई थी। हालांकि एफबीआई ने कहा था कि उसे दोनों मामलों के बीच के लिंक की कोई जानकारी नहीं है। हमलावर की पहचान अभी जारी नहीं की गई है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि गोलीबारी करने वाला संदिग्ध ब्राउन यूनिवर्सिटी का पूर्व छात्र था और करीब 25 साल पहले यूनिवर्सिटी से पढ़ाई कर चुका था।

## यूक्रेन को 90 अरब यूरो का ब्याज-मुक्त कर्ज, ईयू का फैसला; सैन्य और आर्थिक मदद को मिली मंजूरी

**ब्रसेल्स, एजेंसी।** यूरोपीय संघ ने यूक्रेन के लिए बड़ा और अहम फैसला लिया है। यूरोपीय संघ के नेताओं ने 2026-27 के लिए यूक्रेन को 90 अरब यूरो (करीब 106 अरब डॉलर) का ब्याज-मुक्त कर्ज देने पर सहमति जता दी है। इस राशि का इस्तेमाल यूक्रेन अपनी सैन्य जरूरतों और आर्थिक स्थिरता के लिए करेगा।



यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए कहा हमारे बीच सहमति बन गई है। 2026-27 के लिए यूक्रेन को 90 अरब यूरो की सहायता मंजूर कर ली गई है। हमने वादा किया था और उसे निभाया है। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि इस रकम की व्यवस्था किस तरह की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, इस फैसले से पहले ईयू नेताओं ने गुरुवार रात तक लंबी चर्चा की। खासतौर पर बेल्जियम को आश्वस्त किया गया कि यदि वह यूक्रेन को दिए जाने वाले इस कर्ज का समर्थन करता है, तो उसे रूस की संभावित जवाबी कार्रवाई से बचाने के लिए आवश्यक गारंटी दी जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कर्ज यूक्रेन के लिए आने वाले दो वर्षों में बड़ी राहत साबित होगा। रूस के साथ जारी युद्ध के कारण यूक्रेन की अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव है और बुनियादी ढांचे को भी व्यापक नुकसान पहुंचा है। ऐसे में ईयू की यह आर्थिक मदद यूक्रेन को न सिर्फ सैन्य मोर्चे पर, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर भी संभलने में मदद करेगी।

## अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना में बड़ा हादसा, लैंडिंग के दौरान बिजनेस जेट क्रैश

**नॉर्थ कैरोलिना, एजेंसी।** अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना में बड़ा विमान हादसा हो गया है। यहां एक क्षेत्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार को बिजनेस जेट दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पूर्व एनएएससीएआर ड्राइवर ग्रेग बिफल और उनके पूरे परिवार समेत सात लोगों की मौत हो गई। यह हवाई अड्डा एनएएससीएआर टीमों और फॉर्च्यून 500 कंपनियों की ओर से इस्तेमाल किया जाता है। हादसे के बाद विमान में भीषण आग लग गई। यह विमान चार्लोट से करीब 45 मील उत्तर में स्थित स्टेट्सविल रीजनल एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान क्रैश हो गया।



फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने पुष्टि की है कि विमान में सवार सभी सात लोग हादसे का शिकार हुए। फ्लाइट रिकॉर्ड से पता चल है कि यह प्लेन रिटायर्ड एनएएससीएआर ड्राइवर ग्रेग बिफल की कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड था। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने बताया कि सेसना सी550 में छह लोग सवार थे, जो शार्लोट से लगभग 45 मील (72 किलोमीटर) उत्तर में स्टेट्सविले रीजनल एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान क्रैश हो गया।

नॉर्थ कैरोलिना स्टेट हाइवे पेट्रोल ने पुष्टि की कि विमान में सवार लोगों में 55 वर्षीय ग्रेग बिफल, उनकी पत्नी क्रिस्टीना, 14 वर्षीय बेटी एम्मा और 5 वर्षीय बेटा राइडर शामिल थे। इनके अलावा डेनिस डटन, उनके बेटे जैक डटन और क्रेग वाड्सवर्थ भी विमान में मौजूद थे।

**क्रैश के वक्त हल्की बारिश और बादल थे :** इरेडेल काउंटी शेरिफ डैरेन कैंपबेल ने कहा, 'मैं पुष्टि कर सकता हूं कि इसमें लोगों की मौत हुई है।' एयरपोर्ट के पास गोल्फ खेल रहे गोल्फर्स इस हादसे को देखकर हैरान रह गए।नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड और एफएए मामले की जांच कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक क्रैश के समय हल्की बारिश और बादल थे।

**प्रत्यक्षदर्शियों में दहशत :** हवाई अड्डे के पास स्थित लेकवुड गोल्फ क्लब में खेल रहे गोल्फर्स ने विमान को बेहद नीचे उड़ते देखा। हादसे के वक्त कई खिलाड़ी डर के मारे जमीन पर लेट गए। गोल्फ कोर्स के नौवें होल पर विमान का मलबा फैल गया।

**उड़ान की जानकारी :** विमान ने सुबह 10 बजे के कुछ देर बाद उड़ान भरी, लेकिन जल्द ही वापस लौट आया और स्टेट्सविल एयरपोर्ट पर लैंडिंग की कोशिश कर रहा था, तभी हादसा हो गया। योजना के मुताबिक, विमान को बाद में सारासोटा (फ्लोरिडा) से बहामास के ट्रेजर के इंटरनेशनल एयरपोर्ट, फिर फोर्ट लॉडरडेल होते हुए शाम तक स्टेट्सविल लौटना था।

# पूर्व पीएम ओली तीसरी बार पार्टी अध्यक्ष का जीता पद, 1663 वोट मिले; ईश्वर पोखरेल को 564 मत

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली ने कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल- यूनिफाइड मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट (सीपीएन-यूएमएल) के 11वें सम्मेलन में लगातार तीसरी बार पार्टी अध्यक्ष का पद जीता। ओली को 1663 वोट मिले, जबकि प्रतिद्वंद्वी ईश्वर पोखरेल को 564 मत ही मिले। कुल मतदान 98.40% दर्ज किया गया।

ओली के करीबी शंकर पोखरेल दूसरी बार महासचिव पद के लिए चुनाव लड़े। ओली के पैनल से पोखरेल दूसरी बार पार्टी के महासचिव चुने गए। उन्होंने पूर्व वित्त मंत्री सुरेंद्र पांडे को हराया। ओली-पोखरेल ने अपने प्रत्याशियों के पैनल तैयार किए।



**ओली पैनल से 17 पदाधिकारी :** पार्टी के 19 पदाधिकारियों में से 17 ओली के पैनल से चुने गए, जबकि दो पोखरेल के पैनल से चुने गए। पृथ्वी सुब्बा गुरुंग, बिष्णु पौडेल, रघुजी पंत, राम बहादुर थापा और गोकर्ण बिष्टा उपाध्यक्ष पद के लिए चुने गए हैं। इसी प्रकार, तीन उप महासचिवों में से राज भट्टा और रघुबीर महासेठ - भी ओली की टीम से हैं।

**ईवीएम से हुए चुनाव :** सीपीएन-यूएमएल के भीतर 11वें महाधिवेशन में बुधवार को मतदान शुरू हुआ। मतदान प्रक्रिया सोमवार से कई बार स्थगित होने के बाद शुरू हुई, जो तकनीकी गड़बड़ी के कारण एक घंटे देरी से शुरू हुई। पार्टी के चुनाव ईवीएम से हुए हैं। अध्यक्ष पद पर ओली को वरिष्ठ नेता ईश्वर पोखरेल से चुनौती मिली।

बता दें, प्रधानमंत्री कार्की ने 12 सितंबर को शपथ ली थी। इसके तीन दिन पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को जेन-जी के नेतृत्व में हुए बड़े आंदोलन के बाद इस्तीफा देना पड़ा था। शपथ के तुरंत बाद राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने प्रतिनिधि सभा को भंग कर 5 मार्च 2026 को नए चुनाव कराने की घोषणा की थी।

## पाकिस्तान में आईएस-के प्रवक्ता सुल्तान अजीज अजम हुए गिरफ्तार, यूएनएससी की रिपोर्ट से मिली जानकारी

**वाशिंगटन डीसी, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सौंपी गई एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान ने इस वर्ष इस्लामिक स्टेट-खुरासान (आईएस-के) के प्रवक्ता सुल्तान अजीज अजम को गिरफ्तार किया है। संयुक्त राष्ट्र की विश्लेषणात्मक सहायता और प्रतिबंध निगरानी टीम की 16वीं रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान ने कुछ हाई-प्रोफाइल गिरफ्तारियों की है, जैसे कि इस मई में अजम की गिरफ्तारी हुई है। इस कारण क्षेत्र में आईएस-के की सक्रियता कम हो गई है। बता दे कि आईएस-के इस्लामिक स्टेट-खुरासान प्रांत का संक्षिप्त रूप है, जो मुख्य रूप से अफगानिस्तान, मध्य एशिया और दक्षिण एशिया में सक्रिय एक आतंकवादी संगठन है। सरकारी समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान और पीटीवी न्यूज ने बताया कि खुफिया एजेंसियों ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा के पास एक अभियान के दौरान अजम को गिरफ्तार किया। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में दावा किया गया कि उनकी गिरफ्तारी के बाद, अल-अजैम फाउंडेशन जैसे आईएस-के के प्रचार तंत्र को भारी झटका लगा है। आतंकवाद विरोधी अभियानों के की वजह से आईएसके की क्षमता में कमी आई- संयुक्त राष्ट्र संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में कहा गया है, 'कुल मिलाकर, आतंकवाद विरोधी अभियानों के की वजह से आईएसके की क्षमता में कमी आई है। आईएसके के प्रमुख कमांडरों और विचारकों को निष्क्रिय कर दिया गया है। इसके साथ ही आईएसके लड़ाकों की संख्या में भी कमी आई है। कई नियोजित हमलों को नाकाम कर दिया गया है।'



इसमें आगे कहा गया है कि सीमा के दोनों ओर स्वतंत्र रूप से काम करने की आईएस-के की क्षमता बाधित हो गई है, लेकिन यह स्वीकार किया गया है कि काबुल का यह दावा कि उनकी धरती पर या वहां से कोई आतंकवादी समूह काम नहीं कर रहा है, हालांकि यह विश्वसनीय नहीं है।

**आईएस-के मदरसों में बच्चों को कट्टरपंथी विचारधारा से ग्रसित करता है - संयुक्त राष्ट्र :** रिपोर्ट में कहा गया है, 'तालिबान का दावा है कि अफगानिस्तान में या अफगानिस्तान से कोई आतंकवादी समूह सक्रिय नहीं है।' 'हालांकि, सदस्य देशों की रिपोर्टों से पता चलता है कि विभिन्न प्रकार के आतंकवादी समूह अभी भी देश में सक्रिय हैं, जिन्हें तालिबान अधिकारियों द्वारा अलग-अलग स्तर की स्वायत्तता और निगरानी प्राप्त है।' इसमें आगे कहा गया हैः 'उत्तरी अफगानिस्तान और पाकिस्तानी सीमाओं के निकट के क्षेत्रों में आईएस-के द्वारा मदरसों में बच्चों को कट्टरपंथी विचारधारा से ग्रसित करने और लगभग 14 वर्ष की आयु के नाबालिगों के लिए आत्महत्या प्रशिक्षण पाठ्यक्रम स्थापित करने की खबरें हैं। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि आसिम इफ्तिखार अहमद ने 8 दिसंबर को एक पत्र के माध्यम से अनुरोध किया कि रिपोर्ट को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के ध्यान में लाया जाए।

# यूके की अदालत में एनआरआईमहिला की जंग, बीमारी के बावजूद लड़ रही बराबरी के हक की लड़ाई

**लंदन, एजेंसी।** यूके की एक अदालत में एक एनआरआई महिला पिछले छह साल से अपने कार्यस्थल पर इंसाफ और बराबरी के अधिकार के लिए लड़ रही है। यह मामला सिर्फ एक नौकरी से जुड़ा विवाद नहीं है, बल्कि उन लाखों महिलाओं की आवाज है, जो गंभीर बीमारी के बावजूद काम करती हैं और कॉरपोरेट सिस्टम की कठोर नीतियों का शिकार होती हैं। पश्चिम बंगाल की संजु पाल की यह लड़ाई अब हाईकोर्ट अपील ट्रिब्यूनल तक पहुंच चुकी है।

लंदन में चल रहे इस मामले में संजु पाल ने यूके के समानता कानून 2010 और रोजगार अधिकार अधिनियम 1996 के तहत अपने अधिकारों की मांग की है। संजु पाल एंडोमेट्रियोसिस नाम की गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। उनका कहना है कि इस बीमारी के कारण उन्हें कार्यस्थल पर भेदभाव झेलना पड़ा और अप या आउट जैसी कॉरपोरेट नीति के तहत उन्हें नौकरी से बाहर कर दिया गया।

**बीमारी और भेदभाव का मुद्दा :** एंडोमेट्रियोसिस एक पुरानी बीमारी है, जिससे यूके में करीब 15 लाख महिलाएं प्रभावित बताई जाती हैं। इस बीमारी में तेज दर्द और शारीरिक कमजोरी होती है। संजु पाल का कहना है कि नौकरी से निकाले जाने से पहले वह इसी बीमारी से जूझ रही थीं। इसके बावजूद ट्रिब्यूनल ने पहले यह मानने से इनकार कर दिया कि यह बीमारी कानूनी रूप से विकलांगता की श्रेणी में आती है। अब इसी फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है।

**नौकरी से निकाले जाने का विवाद :** यह मामला वर्ष 2019 का है, जब संजु पाल को एक कंसल्टिंग कंपनी में सीनियर मैनेजर पद पर पदोन्नति नहीं मिलने के बाद कथित खराब प्रदर्शन के आधार पर नौकरी से हटा दिया गया। कंपनी की नीति के अनुसार यदि कोई कर्मचारी तय समय में अगली पोस्ट के लिए तैयार नहीं माना जाता, तो उसे बाहर किया जा सकता है। संजु पाल का तर्क है कि कानून मौजूदा पद पर कामकाज के आधार पर ही आकलन की अनुमति देता है, न कि भविष्य की भूमिका के आधार पर।



**कोर्ट की सुनवाई और अपील :** रोजगार ट्रिब्यूनल ने वर्ष 2022 में संजु पाल के पक्ष में आंशिक फैसला सुनाया और उन्हें अनुचित बर्खास्तगी के लिए मुआवजा दिया। हालांकि, विकलांगता से जुड़े दावे को खारिज कर दिया गया। इसके बाद हाईकोर्ट अपील की अनुमति मिली। दिसंबर में सुनवाई पूरी हो चुकी है और आने वाले हफ्तों में फैसला आने की उम्मीद है। संजु पाल ने इस लड़ाई के लिए ऑनलाइन अभियान के जरिए आर्थिक मदद भी जुटाई।

**व्यापक असर और उम्मीद :** संजु पाल का कहना है कि यह लड़ाई सिर्फ उनकी नहीं है। अगर फैसला उनके पक्ष में आता है, तो इससे कंसल्टिंग सेक्टर और दूसरे कॉरपोरेट क्षेत्रों में काम करने वाली बीमार महिलाओं को मजबूती मिलेगी। उनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कार्यस्थल पर गैरकानूनी और अमानवीय नीतियां खत्म हों और गंभीर बीमारी से जूझ रहे कर्मचारियों के अधिकार सुरक्षित रहें।

# बीसीसीआई ने टी-20 विश्वकप 2026 के लिए भारतीय टीम की घोषणा की

## टी20 विश्वकप में सूर्यकुमार करेंगे भारतीय टीम की कप्तानी, शुभमन बाहर हुए, अक्षर होंगे उपकप्तान, ईशान किशन की वापसी

**मुम्बई (एजेंसी)।** अजीत अगरकर के नेतृत्व वाली (बीसीसीआई) चयन समिति ने आगामी टी20 विश्वकप 2026 के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित कर दी है। टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे पर इस टीम में उपकप्तान शुभमन गिल को शामिल नहीं किया गया है। शुभमन अभी तक अपनी चोट से नहीं उबर पाये हैं। ऐसे में इस टूर्नामेंट में उपकप्तानी की जिम्मेदारी अक्षर पटेल को मिली है। अक्षर पहले भी उपकप्तानी संभाल चुके हैं। यही टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी में होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज में भी खेलेगी। टी20 विश्वकप की मेजबानी 7 फरवरी से 8 मार्च तक भारत और श्रीलंका संयुक्त रुप से करेंगे। शुभमन के अलावा युव विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा को भी टीम में जगह नहीं मिली है। वहीं पिछले दो साल से टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन की वापसी हुई है। ईशान को बैकअप के तौर पर रखा गया है। वह विकेटकीपर होने के साथ ही सलामी बल्लेबाज



भी हैं। ईशान ने झारखंड की कप्तान करती हुए मुश्ताक अल ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था जिसका लाभ उन्हें मिला है। इसके अलावा फिनिशर रिंकू सिंह की भी वापसी टीम में हुई है। रिंकू बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और आक्रामक बल्लेबाजी से मैच बदलने में माहिर हैं हालांकि पिछले कुछ समय से वह लय में नहीं हैं। इसके बाद भी चयनकर्ताओं ने उनपर भरोसा दिखलाया है। इसबार टीम में साल 2024 में विजयी टीम के सात खिलाड़ी शामिल नहीं हैं। इसमें कप्तान रोहित शर्मा से लेकर विराट कोहली, रविंद्र जडेजा, ऋषभ पंत, मोहम्मद सिराज, यशस्वी जायसवाल और युजवेंद्र चहल हैं। रोहित, विराट और जडेजा ने संन्यास लिया है जबकि मोहम्मद सिराज, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ और चहल को टीम में शामिल नहीं किया गया है।

### टीम इस प्रकार है

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अक्षर पटेल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वॉशिंगटन सुंदर और ईशान किशन (विकेटकीपर)

# श्रीलंका ने असलंका की जगह शनाका को नया कप्तान बनाया



**कोलंबे (एजेंसी)।** श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने आगामी टी20 विश्व कप से पहले कप्तानी से चरित असलंका को हटा दिया है। वहीं दासुन शनाका को नया कप्तान बनाया गया है। चयन समिति के प्रमुख प्रमोदया विक्रमसिंघा ने कहा कि शनाका को लंबा अनुभव है। उन्होंने तीन विश्वकप खेले हैं। वहीं असलंका का फार्म पिछले काफी समय से अच्छा नहीं रहा है। वहीं दूसरी ओर कहा जा रहा है कि असलंका पिछले महीने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान दौरे पर जाने से इंकार कर दिया था, इसी कारण उन्हें कप्तानी से हटाया गया है। विक्रमसिंघे के अनुसार, असलंका की खराब बल्लेबाजी फॉर्म और कप्तानी के बढ़ते बोझ को देखते हुए उनकी जगह शनाका को कप्तानी दी गयी है। असलंका टीम में एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में बने रहेंगे। बोर्ड चाहता है कि असलंका बिना किसी दबाव के बल्लेबाजी करें। विक्रमसिंघा ने कहा, ''नये कप्तान शनाका ऑलराउंडर की भूमिका निभाएंगे। हमें उम्मीद है कि असलंका बल्लेबाजी में अपनी लय हासिल कर लेंगे। मुख्य कोच सनत जयसूर्या से सलाह के बाद हमने तय किया कि बहुत सारे बदलाव करने की जरूरत नहीं है इसलिए टीम में अधिक बदलाव नहीं किये हैं।''

वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज निरोशन डिकवेला की चार साल बाद टीम में वापसी हुई है।

**श्रीलंका प्रारंभिक टीम :** दासुन शनाका (कप्तान), पाथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कामिल मिशारा, कुसल परेरा, धनंजय डिसिल्वा, निरोशन डिकवेला, जनिथ लियानागे, चरित असलंका, कामिंदु मेंडिस, पवन रत्नायके, सहन अराचिगे, वानिंदु हसरंगा, दुनिथ वेलालागे, मिलन रत्नायके, नुवान तुषारा, एशान मलिंगा, दुष्मंता चामीरा, प्रमोद मदुशान, मथीशा पथिराना, दिलशान मदुशंका, महीष तीक्षणा, दुशान हेमंता, विजयकांत वियासकांत, ट्रावीन मैथ्यू।

# अगरकर ने बताया शुभमन, जितेश के बाहर होने का कारण



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयनसमिति ने आगामी टी20 विश्वकप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित कर दी। इस टीम में कुछ खिलाड़ियों को हाल में खराब प्रदर्शन के बाद भी जगह मिली है जबकि कुछ को अच्छे प्रदर्शन के बाद भी जगह नहीं मिली है। रिंकू सिंह का टीम में चयन और अक्षर पटेल को उप-कप्तान बनाने पर भी सवाल उठे हैं। सबसे हैरानी की बात ईशान किशन का चयन है। वहीं लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद भी जितेश शर्मा को टीम में जगह नहीं मिली है। वहीं मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने उपकप्तान शुभमन गिल को बाहर किये जाने पर कहा कि यह फैसला टीम संयोजन को ध्यान रखते हुए लिया गया है। टॉप में अगर आपके पास विकेट कीपर हो तो आप निचले क्रम तक अन्य बल्लेबाजों को अवसर दे सकते हैं। इसके अलावा अगरकर ने शुभमन गिल की फॉर्म पर भी चिंता जताई। शुभमन का औसत इस साल अच्छा नहीं रहा है। वह टी20 में वह एक भी बड़ा स्कोर नहीं बना पाये हैं। उनक बाहर होने का एक कारण फिट नहीं होना है। वहीं अगरकर ने माना है कि जितेश ने कोई गलती नहीं की पर उनके लिए टीम में जगह नहीं बन पायी क्योंकि सभी को शामिल नहीं किया जा सकता।

# भारत और पाकिस्तान के बीच आज होगा अंडर-19 एशिया कप फाइनल

**दुबई (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच रविवार को यहां अंडर-19 एशिया कप फाइनल खेला जाएगा। आयुष म्हात्रे की कप्तानी में भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में अपने ग्रुप ए में सभी मुकाबले जीते हैं। सेमीफाइनल में भारतीय टीम श्रीलंका को आठ विकेट से हराकर फाइनल में पहुंची है। ऐसे में वह जीत की प्रबल दावेदार है। भारतीय टीम ने पाकिस्तान को भी ग्रुप चरण में 90 रनों से हराया है जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं।

भारतीय टीम की ओर से इस मैच में सभी की नजरें वैभव सूर्यवंशी और अभिज्ञान कुंडू पर रहेंगी। वैभव ने यूएई के खिलाफ 95 गेंदों में 171 रन बनाए, जबकि अभिज्ञान कुंडू ने मलेशिया के खिलाफ 125 गेंद में नाबाद 209 रन बनाये थे। ऐस में इस मैच में भी दोनो से धमाकेदार पारी की उम्मीद है। इनके अलावा आरोन जॉर्ज और विहान मल्होत्रा ने भी काफी अच्छा खेला है।

वहीं गेंदबाजी में दीपेश देवेंद्रन ने पाकिस्तान और मलेशिया के खिलाफ जबरदस्त गेंदबाजी कर अपने को साबित किया है। दूसरी ओर फरहान यूसुफ की कप्तानी वाली पाक टीम के पास काफी अच्छे तेज़ गेंदबाज हैं जिससे वह भारतीय टीम पर दबाव बनाना




चाहेगी। दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं।

### टीमें

**भारत:** आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा (उपकप्तान), वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), युवराज गोहिल, कनिष्क चौहान, खिलान ए पटेल, नमन पुष्पक, डी. दीपेश, हेनिल पटेल, किशन कुमार सिंह, उधव मोहन, आरोन जॉर्ज।

**पाकिस्तान:** फरहान यूसुफ (कप्तान), उस्मान खान (उपकप्तान), अब्दुल सुभान, अहमद हुसैन, अली हसन बलूच, अली रजा, दानियाल अली खान, हमजा जहूर (विकेटकीपर), हुजैफा अहसन, मोमिन कमर, मोहम्मद सय्याम, मोहम्मद शायान (विकेटकीपर), नकाब शफीक, समीर मिन्हास, मोहम्मद हुजैफा।

# हार्दिक ने युवराज का एक रिकार्ड तोड़ा

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने दक्षिण अफीका के खिलाफ खेले गए पांचवें और अंतिम टी20 मुकाबले में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है। इस मैच में तेजी से अर्धशतक लगाने के साथ ही एक विकेट लेकर पंड्या ने पूर्व ऑलराउडर युवराज सिंह का का एक रिकॉर्ड तोड़ दिया है। टी20 अंतरराष्ट्रीय टी20 में यह चौथा मौका था जब पांड्या ने अर्धशतक लगाने के साथ ही 1 या उससे अधिक विकेट लिए हैं। इस मामले में उन्होंने युवराज सिंह को पीछे छोड़ा। युवराज ने टी20 में तीन बार अर्धशतक लगाने के साथ ही 1 या उससे अधिक विकेट लिए थे। विराट कोहली और शिवम दुबे भी 2-2 बार यह कारनाम किया है। हार्दिक ने केवल 16 गेंदों में ही तेजी अपने 50 रन पूरे किये। भारत की तरफ से टी20 में यह दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। पांड्या ने 25 गेंदों पर ही 5 छक्के और 5 चौकों लगाकर 63 रन बनाये। इससे भारतीय टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 231 रन बनाये। हार्दिक ने इसके बाद गेंदबाजी करते हुए एक विकेट लिया।



# बुमराह की फिटनेस के लिए उन्हें आराम दिया जाना जरुरी : रॉबिन उथप्पा



लखनऊ। भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कहा है कि अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को बीच-बीच में आराम दिया जाना बेहद जरुरी है। उथप्पा के अनुसार बुमराह का एक्शन काफी कठिन है। इसके साथ ही उनकी गति भी काफी तेज है जिससे उनके शरीर पर काफी दबाव आता है और चोटिल होने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में उनक कार्यभार प्रबंधन का ध्यान देना जरुरी है। बुमराह भारतीय गेंदबाजी आक्रमक की कमाना संभालते हैं और अगले साल होने वाले टी20 विश्वकप को देखते हुए उनका फिट बने रहना जरुरी है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में बुमराह को आराम दिया गया था और उन्होंने पांच मैचों की टी20 सीरीज में वापसी की। उथप्पा ने कहा, 'वह एक शानदार मैच विजेता खिलाड़ी है पर उनके कार्यभार का प्रबंध करना बेहद जरूरी है। तेज गेंदबाजी क्रिकेट का सबसे मुश्किल कौशल है और बुमराह इसे बेहद तेज गति से और चुनौतीपूर्ण एक्शन के साथ करते हैं। उन्होंने कहा, 'आप उनको पूरी तरह से फिट बनाए रखना चाहते हैं पर साथ ही आप यह भी चाहते हैं कि वह पर्याप्त क्रिकेट खेलें। इसके लिए काफी सूझबूझ से उनका कार्यभार प्रबंधन करना होगा जिससे वह लय में भी बने रहे और उनके शरीर पर जरुरत से ज्याद बोझ भी न पड़े। उनकी प्रतिभा और कौशल पर किसी को भी संदेह नहीं है।

# पांचवां टी20:साउथ अफ्रीका को 30 रन से हराकर भारत ने 3-1 से जीती सीरीज

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** तिलक वर्मा (73) और हार्दिक पंड्या (63 ) की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद वरुण चक्रवर्ती (चार विकेट) जसप्रीत बुमराह (दो विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शुक्रवार को पांचवें एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 30 रनों से हरा दिया। इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की सरीजी 3-1 से अपने नाम कर ली।

232 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए क्विंटन डी कॉक और रीजा हेंड्रिक्स की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 69 रनों की साझेदारी। सातवें ओवर में वरूण चक्रवर्ती ने रीजा हेंड्रिक्स (13) को आउटकर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 11वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर रहे क्विंटन डी कॉक को अपनी ही गेंद पर कैच आउटकर भारत की झोली में महत्वपूर्ण विकेट डाल दिया। अगले ही ओवर में हार्दिक पंड्या ने डेवाल्ड ब्रेविस (31) को अपना शिकार बना लिया। 13वें ओवर में वरुण चक्रवर्ती को पहले कप्तान एडन मारक्रम (छह) और अगली गेंद पर डॉनोवन फरेरा (शून्य) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका की कमर तोड़ दी। 15वें ओवर में डेविड मिलर (18) को अर्शदीप सिंह ने आउट किया। अगले ही ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने जॉर्ज लिंडे (16) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को सातवां झटका दिया। 17वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने मार्को यानसन (14) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। दक्षिण




अफ्रीका की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 201 रन ही बना सकी और 30 रनों से मुकाबला हार गई। कार्बिन बॉश 17 रन और लुंगी एन्गिडी सात रन बनाकर नाबाद रहे। भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती ने चार विकेट लिये। जसप्रीत बुमराह को दो विकेट मिले। आर्शदीप सिंह और हार्दिक पंड्या ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 63 रन जोड़े। छठे ओवर में कार्बिन बॉश ने अभिषेक शर्मा को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। अभिषेक शर्मा ने 21 गेंदों में छह चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 34 रनों की पारी खेली। 10वें ओवर में भारत का दूसरा विकेट संजू सैमसन के रूप में गिरा। संजू सैमसन ने चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 37 रनों की पारी खेली। इसके बाद सूर्यकुमार यादव पांच रन बनाकर कार्बिन बॉश का शिकार बन गये।

इसके बाद हार्दिक पंड्या ने तिलक वर्मा के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 105 रनों की साझेदारी हुई। ऑटनील बार्टमैन ने हार्दिक को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। हार्दिक पंड्या ने 25 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए 63 रनों की विस्फोटक पारी खेली। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर तिलक वर्मा रन आउट हो गये। तिलक वर्मा ने 42 गेंदों में 10 चौकों और एक छक्के की मदद से 73 रन बनाये। भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 231 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। शिवम दुबे 10 रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका के लिए कार्बिन बॉश ने दो विकेट लिये। ऑटनील बार्टमैन, जॉर्ज लिंडे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# अल्काराज ने फरेरो को हटाकर लोपेज को कोच बनाया



मैड्रिड। स्पेन के टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले अपने कोच जुआन कार्लोस फरेरो को हटा दिया है। वहीं सैमुएल लोपेज को उन्होंने अपना नया कोच बनाया है। लोपेज इससे पहले पाब्लो करेनो बुस्टा के कोच रहे हैं। अल्काराज़ अब 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन में लोपेज के साथ उतरेंगी। विश्व के नंबर-1 खिलाड़ी अल्काराज पिछले काफी समय से फरेरो से जुड़े हुए थे पर अब दोनों का ये संबंध टूट गया है। अल्कराज ने दोनो के बीच करार टूटने की बात सोशल मीडिया के जरिये सार्वजनिक की। अल्काराज बचपन से ही फेरररेरो से कोचिंग ले रहे थे। उनके कोच रहते ही अल्काराज टेनिस जगत में बुलंदियों तक पहुंचे है। उनक नाम आज छह ग्रैंड स्लैम खिताब सहित कुल 22 टूर्नामेंट हैं। इसके अलावा वह एटीपी रैंकिंग में भी शीर्ष स्थान पर पहुंच गये हैं। कोच से अलग होने को अल्काराज़ ने एक कठिन फैसला बताते हुए कहा, हमने मिलकर शीर्ष तक का सफर तय किया है जिसके लिए मैं कोच का आभारी हूं। मुझे लगता था कि अगर राह अलग होनी हैं, तो यह उसी स्तर पर होनी चाहिए, जहां तक पहुंचने का हमने हमेशा सपना देखा था जो आज पूरा हो गया है। एक रिपोर्ट के अनुसा, अब सैमुएल लोपेज अल्काराज के नए कोच होंगे। लोपेज इससे पहले पाब्लो करेनो बुस्टा के कोच रहे हैं। अल्काराज़ अब 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी नए कोच के साथ करेंगे। फेरररेरो के साथ अलगाव के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि नए कोच के मार्गदर्शन में अल्काराज अपने करियर को किस दिशा में आगे बढ़ाते हैं।

# आईसीसी अध्यक्ष जय शाह 'ट्रांसफॉर्मेशनल लीडर ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह को भारत में महिला क्रिकेट के विकास के लिए सम्मानित किया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के माध्यम से इसकी जानकारी दी है। बीसीसीआई ने एक्स पर जय शाह के पुरस्कृत होते हुए तस्वीर को शेयर करते हुए लिखा, भारतीय क्रिकेट के लिए एक यादगार शाम। जय शाह को 'ट्रांसफॉर्मेशनल लीडर ऑफ द ईयर' चुने जाने पर बहुत-बहुत बधाई। भुगतान समान करने के साथ ही महिला प्रीमियर लीग के विकास में आपका दृष्टिकोण खेल को दुनियाभर में आगे बढ़ा रहा है। जय शाह को एनडीटीवी द्वारा आयोजित इंडियन ऑफ द ईयर 2025 कार्यक्रम में 'ट्रांसफॉर्मेशनल लीडर ऑफ द ईयर' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शाह को सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सम्मानित किया। जय शाह अक्टूबर 2019 से दिसंबर 2024 तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव रहे थे। इस दौरान शाह ने भारतीय महिला क्रिकेट के विकास में बड़ी भूमिका निभाई। महिला क्रिकेटरों को प्रति मैच फीस अब पुरुष क्रिकेटरों के समान मिलती है। महिला क्रिकेटरों के लिए इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर 2023 में महिला प्रीमियर लीग शुरू की गई। महिला क्रिकेट में किए गए इन दो कार्यों ने भारतीय महिला क्रिकेटरों को न सिर्फ आर्थिक रूप से सबल बनाया है, बल्कि क्रिकेट के स्तर को भी ऊंचा किया है। इन दोनों क्रांतिकारी कार्यों में जय शाह ने अहम भूमिका निभाई। भुगतान समान करने और महिला प्रीमियर लीग की शुरुआत करने के अलावा, घरेलू महिला क्रिकेट को सुदृढ़ करने और महिला क्रिकेटरों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधा मुहैया कराने में भी जय शाह का अहम योगदान रहा। जय शाह ने 1 दिसंबर 2024 को आधिकारिक तौर पर आईसीसी अध्यक्ष का कार्यभार संभाला था। अगस्त में उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया था।

# मेरा थोड़ा लंबा खिंच गया है... टी20 विश्व कप से पहले सूर्यकुमार यादव ने फैंस से किया बड़ा वादा

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपने हालिया खराब प्रदर्शन को स्वीकार करते हुए आगामी आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले फॉर्म में वापसी का भरोसा जताया। 2025 में, यादव टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 21 मैचों में 13.62 के खराब औसत से 218 रन बनाए हैं। सूर्यकुमार यादव ने इस साल टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक भी अर्धशतक नहीं लगाया है।

यादव आगामी टी20 विश्व कप में 15 सदस्यीय टीम की कप्तानी करेंगे। टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के उप-कप्तान शुभमन गिल को फिटनेस और फॉर्म संबंधी चिंताओं के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है, और अक्षर पटेल उप-कप्तान के रूप में वापसी कर रहे हैं। शनिवार को बीसीसीआई के मुख्यालय में कप्तान सूर्यकुमार यादव और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर की उपस्थिति में बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने टीम की घोषणा की।

यादव ने पत्रकारों से कहा कि मुझे पता है कि क्या करना है, कहाँ गड़बड़ हो रही है। मेरे पास इस पर काम करने के लिए कुछ समय है। यह बस एक छोटी सी अदृश्य बाधा है जिसे मैं निश्चित रूप से पार कर लूंगा। गिल को टीम से बाहर किए जाने पर व्यापक बहस छिड़ गई। उन्होंने कहा कि मेरा थोड़ा लंबा खिंच गया है। कप्तान यादव ने इस फैसले के पीछे के कारणों को स्पष्ट करते हुए कहा कि चयन खिलाड़ियों की भूमिका और संरचना को ध्यान में रखकर किया गया है, न कि उनके अल्पकालिक प्रदर्शन को।

यादव ने कहा कि यह प्रदर्शन की बात नहीं है, यह तालमेल की बात है। हम शीर्ष क्रम में एक विकेटकीपर चाहते थे। हम गिल की गुणवत्ता को जानते हैं। हम रिंकू सिंह और वाशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ियों को भी अंतिम छोर पर चाहते थे। यादव के लिए, घरेलू विश्व कप में टीम की कप्तानी करना अवसर और जिम्मेदारी दोनों है। यादव ने आगे कहा, ÷मुझे लगता है कि यह मेरे लिए एक अच्छी जिम्मेदारी है... अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलना एक अच्छी चुनौती होगी। भारत को ग्रुप 'ए' में नामीबिया, नीदरलैंड, पाकिस्तान और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ रखा गया है और भारत 7 फरवरी को मुंबई में अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।



# घरेलू निवेशक सक्रिय, भारतीय शेयर बाजार में निवेश बढ़ा 4.5 लाख करोड़ रुपए

**- व्यक्तिगत निवेशकों की संख्या 2025 तक बढ़कर 12 करोड़ से अधिक हो गई**

**मुंबई।**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल घरेलू निवेशकों ने म्यूचुअल फंड्स और अन्य माध्यमों के जरिए लगभग 4.5 लाख करोड़ रुपए इक्विटी मार्केट में लगाए। व्यक्तिगत निवेशकों की संख्या 2019 में लगभग 3 करोड़ थी, जो 2025 तक बढ़कर 12 करोड़ से अधिक हो गई। यह दर्शाता है कि घरेलू बचत अब धीरे-धीरे शेयर बाजार की ओर आकर्षित हो रही है। रिपोर्ट में कहा गया कि केवल डायरेक्ट इक्विटी में ही निवेश नहीं बढ़ा, बल्कि म्यूचुअल फंड्स और मार्केट-लिंक्ड उत्पादों में भी निवेश में तेजी आई। 2020 के बाद घरेलू निवेश लगभग 17 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। इससे यह साफ होता है कि भारत में लंबी अवधि के निवेश और बचत करने के तरीके में बड़ा बदलाव आया है। हालांकि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयरों में सीमित रुचि दिखाई, घरेलू निवेशकों की मजबूत भागीदारी ने विदेशी प्रवाह की अस्थिरता का असर कम किया और बाजार को बाहरी झटकों से बचाने में मदद की। घरेलू निवेशकों ने अस्थिर बाजार और वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बावजूद दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाया। सितंबर तिमाही तक



कंपनियों की आय में सुधार हुआ। बेहतर वित्तीय साक्षरता ने निवेशकों को अधिक स्थिर और लंबे समय तक निवेश करने में सक्षम बनाया। घरेलू निवेशकों की बढ़ती भागीदारी भारतीय शेयर बाजार की स्थिरता और दीर्घकालिक विकास में अहम भूमिका निभा रही है। विदेशी निवेशकों की सीमित रुचि के बावजूद, घरेलू निवेश ने बाजार को मजबूती दी है और निवेश संस्कृति में सकारात्मक बदलाव दिखाया है।

# भारत में ओपनएआई, गूगल और परप्लेक्सिटी ने एआई टूल्स मुफ्त किए

**- भारत दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल बाजारों में से एक है, यहां लगभग 73 करोड़ स्मार्टफोन यूजर्स**

**नई दिल्ली।**

ओपनएआई, गूगल और परप्लेक्सिटी ने भारत में अपने प्रीमियम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल्स को मुफ्त में उपलब्ध कराना शुरू किया है। इसका मुख्य उद्देश्य भारतीय यूजर्स की संख्या तेजी से बढ़ाना है। भारत दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल बाजारों में से एक है, जहां लगभग 73 करोड़ स्मार्टफोन यूजर्स हैं और मोबाइल डेटा दुनिया में सबसे सस्ता है। यूजर्स हर महीने लगभग 21 गीगाबाइट डेटा इस्तेमाल करते हैं और प्रति गीगाबाइट केवल 9.2 सेंट का भुगतान करते हैं, जिससे एआई टूल्स का इस्तेमाल और किफायती हो जाता है। ओपनएआई ने अपना चेटजीपीटी गो प्लान भारत में एक साल के लिए मुफ्त कर दिया है। पहले यह प्लान 54 डॉलर सालाना था। सेंसर टॉवर के आंकड़ों के मुताबिक, भारत में चेटजीपीटी के दैनिक एक्टिव यूजर्स 73 मिलियन तक पहुँच गए हैं, जो पिछले साल की तुलना में 607 प्रतिशत की वृद्धि है। यह




संख्या अमेरिका के दैनिक यूजर्स से दोगुनी है, जिससे भारत अब चेटजीपीटी के लिए सबसे बड़ा रोजाना यूजर बाजार बन गया है। परप्लेक्सिटी ने भी अपने प्रो प्लान को, जो दुनियाभर में 200 डॉलर सालाना है, एयरटेल ग्राहकों के लिए मुफ्त कर दिया। इसके बाद भारत के डेली एक्टिव यूजर्स की हिस्सेदारी 33 प्रतिशत तक पहुँच गई, जबकि यह पिछले साल केवल 7 प्रतिशत थी। यूजर इंगेजमेंट डेटा से पता चलता है कि भारत में चेटजीपीटी सबसे लोकप्रिय है। नवंबर में लगभग 46 प्रतिशत मासिक यूजर्स ने रोज ऐप खोला, जबकि परप्लेक्सिटी के लिए यह संख्या 20 प्रतिशत और जे मिनी के लिए 14 प्रतिशत थी।

# भारत के बैंकों में ताबड़तोड़ हिस्सेदारी खरीद रहीं विदेशी कंपनियां

**बैंकों और एनबीएफसी में हिस्सेदारी खरीदकर भारत की ग्रोथ स्टोरी में शामिल हो रही वैश्विक कंपनियां**



**नई दिल्ली।**

2025 में भारतीय फाइनेंशियल सेक्टर विदेशी निवेशकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण बनकर उभरा है। जापान, यूएई और अमेरिका की बड़ी वित्तीय संस्थाओं ने भारतीय बैंकों और एनबीएफसी में भारी निवेश किया है। पहली नजर में ये सौदे सामान्य साझेदारी जैसे दिखते हैं, लेकिन गहराई से देखने पर यह भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति और तेज क्रेडिट ग्रोथ पर विदेशी भरोसे को दर्शाते हैं।

इस साल का सबसे बड़ा सौदा दिसंबर में सामने आया, जब जापान की मित्सुबिशी यूएफजे फाइनेंशियल ग्रुप (एमयूएफजी) ने श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड में 20 फीसदी हिस्सेदारी करीब 39,618 करोड़ रुपये में खरीदने का फैसला किया। इससे पहले मई में जापान की ही सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन (एसएमबीसी) ने यस बैंक में 20 फीसदी हिस्सेदारी 13,483 करोड़ रुपये में खरीदी थी। इन सौदों से साफ है कि जापानी बैंक भारत को दीर्घकालिक ग्रोथ मार्केट मान रहे हैं। यूएई के एमिरेट्स एनबीडी बैंक ने आरबीएल बैंक में 60 फीसदी बहुमत हिस्सेदारी 26,853 करोड़ रुपये में खरीदने का फैसला किया।

वहीं अबू धाबी स्थित एवेनीर इन्वेस्टमेंट ने सम्मान कैपिटल में 43.46 फीसदी हिस्सेदारी लगभग 9,000 करोड़ रुपये में लेने की सहमति दी है। इसके अलावा एडीआईए और वारबर्ग पिंकस ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में मिलकर 7,500 करोड़ रुपये का निवेश किया।

अमेरिकी निवेश कंपनी ब्लैकस्टोन ने फेडरल बैंक में 6,196 करोड़ रुपये का निवेश किया। वहीं ज्यूरिख इंश्योरेंस ने कोटक महिंद्रा इंश्योरेंस में 70 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी।

# अमेरिकी बाजार में इंफोसिस एडीआर में 40 फीसदी की उछाल

**- लिक्विडिटी संकट और शॉर्ट-कवरिंग के चलते ट्रेडिंग रुकी, भारत में शेयर पर असर नहीं**

**न्यूयॉर्क।**

अमेरिकी शेयर बाजार में भारतीय आईटी दिग्गज इंफोसिस लिमिटेड के अमेरिकन डिपॉजिटरी रिसीट (एडीआर) में एक असाधारण हलचल देखने को मिली। शुरुआती सत्र में ही इंफोसिस एडीआर लगभग 40 फीसदी तक उछल गया, जिसके बाद भारी अस्थिरता के चलते ट्रेडिंग को अस्थायी रूप से रोकना पड़ा। दिलचस्प बात यह रही कि भारत में उसी दिन इंफोसिस का शेयर सिर्फ मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ और कंपनी की ओर से कोई बड़ी कॉरपोरेट घोषणा भी नहीं की गई। बाजार के जानकारों के मुताबिक इस तेज उछाल के पीछे मुख्य कारण शॉर्ट स्क्वीज रहा। यह स्थिति तब बनी जब एक बड़े संस्थागत लेंडर ने अचानक उधार दिए गए इंफोसिस एडीआर के करोड़ों शेयर वापस बुला लिए। शॉर्ट सेलर्स, जो शेयर उधार लेकर बेच चुके थे, उन्हें मजबूरी में खुले बाजार से शेयर खरीदने पड़े। मांग अचानक बढ़ने और सप्लाई सीमित होने से कीमतों में तेज उछाल आ गया। आमतौर पर इंफोसिस एडीआर में रोजाना 70 से 80 लाख शेयरों का कारोबार होता है,




लेकिन इस बार वापस बुलाए गए शेयरों की संख्या 4.5 से 5 करोड़ बताई जा रही है। यह सामान्य दैनिक वॉल्यूम से कई गुना अधिक थी, जिससे बाजार में लिक्विडिटी संकट पैदा हो गया।

# सोने की कीमतों में गिरावट

## चांदी ने दिखाया मजबूत प्रदर्शन

**- बीते एक हफ्ते में 24 कैरेट सोना 1,200 रुपए गिरा, चांदी 2 लाख के पार**

**नई दिल्ली।**

भारत में सोने की कीमतें हाल के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद अब गिरावट दिखा रही हैं। बीते एक हफ्ते में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत में 1,200 रुपए और 100 ग्राम सोने की कीमत में 12,000 रुपए की कमी आई है। फिलहाल 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,34,180 रुपए और 100 ग्राम 13,41,700 रुपए पर कारोबार कर रहा है। वहीं, 22 कैरेट और 18 कैरेट सोने की कीमत क्रमशः 1,23,000 रुपए और 1,00,630 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गई है। दिसंबर माह की बात करें तो सोने की कीमतों में अब तक लगभग 3 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई है। बाजार के जानकारों का अनुमान है कि शॉर्ट टर्म में सोने की कीमत 1,31,500 से 1,34,000 रुपए प्रति 10 ग्राम की रेंज में बनी रह सकती है। ऐसे में क्रिसमस वीक के दौरान सोना नए रिकॉर्ड स्तर तक नहीं पहुंच सकता। चांदी की कीमतों में भी हल्की गिरावट आई है। एक किलोग्राम चांदी का भाव 2,09,000 रुपए है, जो 18 दिसंबर को बने ऑल टाइम हाई 2,11,000 रुपए से 3,000 रुपए कम है। वहीं, 100 ग्राम चांदी 20,900 रुपए और 10 ग्राम 2,090 रुपए पर बिक रही है। दिसंबर में



चांदी ने सोने की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है और अब तक लगभग 11 फीसदी की तेजी दर्ज की गई है। दिल्ली, जयपुर, लखनऊ और चंडीगढ़ में 24 कैरेट सोना 13,433 रुपए प्रति ग्राम पर है। मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद में 24 कैरेट सोना 13,418 रुपए और दक्षिण भारत के शहरों जैसे चेन्नई, कोयंबटूर व मदुरै में 13,528 रुपए प्रति ग्राम पर कारोबार हो रहा है।

## भारत, नीदरलैंड ने संयुक्त व्यापार एवं निवेश समिति का गठन किया

**नई दिल्ली।**

भारत और नीदरलैंड ने द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के लिए एक संयुक्त व्यापार और निवेश समिति का गठन किया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। दोनों देशों ने इसके लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। समिति का मुख्य उद्देश्य भारत और नीदरलैंड के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को और सुदृढ़ करना है। यह द्विपक्षीय व्यापार की समीक्षा करेगी, निवेश को बढ़ावा देगी, निवेश और व्यापार से जुड़े मुद्दों को सुलझाएगी और आपसी हित के क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं की पहचान करेगी। समझौते के तहत स मिति की बैठक हर साल आयोजित होगी और इसे बारी-बारी से भारत और नीदरलैंड में आयोजित किया जाएगा। इससे दोनों देशों के बीच संस्थागत स्तर पर लगातार संपर्क बना रहेगा और दीर्घकालिक आर्थिक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

## जापान की कंपनी ने श्रीराम फाइनेंस में खरीदी बड़ी हिस्सेदारी

**मुंबई।**

जापान की प्रमुख वित्तीय कंपनी मित्सुबिशी यूएफजे फाइनेंशियल ग्रुप ने भारत की श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड में 20 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने का फैसला किया है। इस सौदे की कुल राशि 39,618 करोड़ रुपए बताई गई है। विशेषज्ञ इसे भारतीय वित्तीय बाजार में वैश्विक भरोसे का बड़ा संकेत मान रहे हैं। कंपनी यह हिस्सेदारी तरजीही इक्विटी शेयरों के माध्यम से हासिल करेगा। इस निवेश से श्रीराम फाइनेंस का पूंजी आधार मजबूत होगा, फंडिंग लागत घटेगी और कंपनी के मुनाफे में सुधार की उम्मीद बढ़ेगी। दा **शेयरधारकों की मंजूरी और नियामक स्वीकृति के अधीन रहेगा। कंपनी ने कहा कि यह दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है और इससे क्रेडिट रेटिंग और बाजार में साख में संभावित मजबूती आएगी।

## 10 मिनट में चार्ज होगी बैटरी, 300 किलोमीटर तक दौड़ेगी

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर में बिस्मा गांव के चिराग ने एक ईवी मोटर तैयार की है। जो 10 मिनट की चार्जिंग में 300 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर सकेगी। ई-व्हीकल बड़ी तेजी के साथ बढ़ते चले जा रहे हैं। चार्जिंग के टाइम और उसमें कितना सफर होगा। इसको लेकर हमेशा शंका बनी रहती है। जिसके कारण लगातार नए-नए प्रयोग हो रहे हैं। निजी कंपनी में कार्य कर रहे उदयपुर के चिराग ने एक ईवी मोटर तैयार की है। इसका सफल ट्रायल हो चुका है। अब इसे व्यावसायिक मॉडल में बदलने के लिए इसमें आवश्यक परिवर्तन किये जा रहे हैं।

## श्री सीमेंट करेगी दो हजार करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** सीमेंट कंपनी ने महाराष्ट्र के विदर्भ में 20 लाख टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) की नई उत्पादन इकाई लगाने की घोषणा की है। इस परियोजना में 2,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा। कंपनी का लक्ष्य अपनी कुल उत्पादन क्षमता को 80 एमटीपीए तक बढ़ाना है। कंपनी के एक अे धिकारी ने कहा कि समूह का राज्य के साथ लंबे समय से संबंध रहा है। पिरामल फाइनेंस ने श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस में अपना 14.72 फीसदी हिस्सा दक्षिण अफ्रीका के सैनलाम समूह को 600 करोड़ रुपये में बेचने का निर्णय लिया। सैनलाम पहले से कंपनी का विदेशी बीमा साझेदार है। शेयर खरीद समझौता दोनों पक्षों के बीच हुआ और यह सौदा 31 मार्च, 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है।

## निफ्टी 50 मजबूत, स्मॉलकैप शेयरों की हालत खराब

**- छोटे शेयरों में गिरावट और अस्थिरता देखते हुए निवेशकों को सावधानी बरतनी चाहिए**




**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार का प्रमुख सूचकांक निफ्टी 50 फिलहाल अपने 52 सप्ताह के उच्च स्तर के करीब है। यह संकेत देता है कि बड़े और स्थिर शेयर निवेशकों के बीच भरोसे का केंद्र बने हुए हैं। निवेशक इस समय जोखिम कम रखना पसंद कर रहे हैं और अधिकतर पूंजी बड़ी कंपनियों में लगा रहे हैं। हालांकि, गहराई से देखें तो स्थिति बिल्कुल अलग है। बीएसई 500 और निफ्टी स्मॉलकैप 250 इंडेक्स में अधिकांश छोटे शेयर अपने 52 सप्ताह के उच्च स्तर से 20 से 69 फीसदी तक नीचे हैं। बीएसई 500 में हर चौथा शेयर औसतन 30 फीसदी नीचे है। स्मॉलकैप सेगमेंट में केवल 10 शेयर ही अपने शिखर के करीब हैं। इसका मतलब है कि छोटे शेयरों में निवेशकों का विश्वास फिलहाल कमजोर है। छोटे शेयर वैश्विक और घरेलू मैक्रो इवेंट्स के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। इस साल रुपए की कमजोरी और अंतरराष्ट्रीय व्यापार नीति जैसे ट्रंप टैरीफ का असर स्मॉलकैप कंपनियों पर तेजी से दिखा है। इसी वजह से निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं और छोटे शेयर पिछड़ रहे हैं। बाजार की सतह (निफ्टी 50) को देखकर पूरी तरह तेजी का अनुमान लगाना सही नहीं है। छोटे शेयरों में गिरावट और अस्थिरता देखते हुए निवेशकों को सावधानी बरतनी चाहिए। लंबे समय में सही चयन और सोच-समझकर निवेश करने से ही स्मॉलकैप निवेश लाभकारी हो सकता है।

# बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार ने उतार-चढ़ाव भरा रुख दिखाया

**सप्ताह की कुल गिरावट लगभग 0.3 फीसदी रही पर शुक्रवार की तेजी ने निवेशकों में भरोसा बहाल किया**

**मुंबई।**

बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार ने उतार-चढ़ाव भरे रुख को दिखाया। बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी 50 दोनों सूचकांकों में कुल मिलाकर लगभग 0.3 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, लेकिन सप्ताह के अंत में आई मजबूती ने निवेशकों के भरोसे को थोड़ा बहाल किया। सप्ताह की शुरुआत में वैश्विक बाजारों की कमजोरी, अमेरिकी और एशियाई संकेतों में नकारात्मक रुख, और घरेलू स्तर पर रुपये की गिरावट ने बाजार पर दबाव डाला। इसके परिणामस्वरूप सोमवार और मंगलवार को




सेंसेक्स और निफ्टी दोनों लाल निशान में बंद हुए।सोमवार को सेंसेक्स 54.30 अंक गिरकर 85,213.36 पर और निफ्टी 19.65 अंक गिरकर 26,027.30 पर बंद हुआ। मंगलवार को गिरावट और तेज रही, सेंसेक्स 533.50 अंक गिरकर 84,679.86 और निफ्टी 167.20 अंक गिरकर 25,860.10 पर बंद हुआ। निवेशकों में सतर्कता बढ़ गई और बाजार में बेचवाली का दबाव नजर आया।

सप्ताह के मध्य बुधवार और गुरुवार को बाजार ने कुछ हद तक स्थिरता दिखाई। शुरुआती कारोबार में हल्की मजबूती देखने को मिली, लेकिन सेंसेक्स और निफ्टी दोनों दिनों लाल निशान में बंद हुए। बुधवार को सेंसेक्स 120.21 अंक गिरकर 84,559.65 और निफ्टी 41.55 अंक गिरकर 25,818.55 पर बंद हुआ। गुरुवार को मामूली गिरावट रही, सेंसेक्स 77.84 अंक गिरकर 84,481.81 और निफ्टी 3.00 अंक गिरकर 25,815.55 पर बंद हुआ। शुक्रवार को बाजार ने चार दिनों की गिरावट के बाद मजबूती दिखाई। अमेरिकी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़े उम्मीद से कम आने के कारण फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना बढ़ गई। इसका सकारात्मक असर भारतीय बाजार पर पड़ा। सेंसेक्स 447.55 अंक की बढ़त के साथ 84,929.36 और निफ्टी 150.85 अंक की मजबूती के साथ 25,966.40 पर बंद हुआ।

## भारत में एमआईसीई पर्यटन को बढ़ावा देने कई शहरों में खुलेंगे ब्यूरो

**- सार्वजनिक-निजी भागीदारी पर आधारित पहल**

**नई दिल्ली।** पर्यटन मंत्रालय अगले वर्ष से विभिन्न भारतीय शहरों में शहर-स्तरीय सम्मेलन प्रोत्साहन ब्यूरो खोलेगा। ये ब्यूरो सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर काम करेंगे और हर राज्य की राजधानी तथा एक अन्य प्रमुख शहर में स्थापित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य छोटे शहरों की क्षमता बढ़ाना और उन्हें अंतरराष्ट्रीय आयोजनों की मेजबानी के लिए तैयार करना है। ये ब्यूरो एमआईसीई (मी टिंग, इंसे टिव, कान्फ्रेंस, एक्जी विशन) गतिविधियों का समन्वय करेंगे। दिल्ली के भारत मंडपम और यशोभूमि कॉम्प्लेक्स तथा मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर जैसी प्रतिष्ठित जगहों को इस पहल में प्राथमिकता दी जाएगी। 2026 से ये ब्यूरो स्वतंत्र निकाय के रूप में कार्य करेंगे और वैश्विक आयोजनों के लिए समन्वित सहयोग प्रदान करेंगे। एआई और डिजिटल समाधान अपनाकर भारत को भविष्य का पेशेवर आयोजन गंतव्य बनाया जाएगा। इस पहल का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में वैश्विक एमआईसीई बाजार में भारत की हिस्सेदारी दो गुना करना है।

# आरबीआई ने कोटक महिंद्रा बैंक पर 61.95 लाख रुपए का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कोटक महिंद्रा बैंक पर बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच, बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट अकाउंट्स, बिजनेस कोरसपोंडेंट्स (बीसी) द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के दायरे और क्रेडिट सूचना कंपनी नियम, 2006 (सीआईसी नियम) के प्रावधानों के उल्लंघन के संबंध में 61.95 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। केंद्रीय बैंक ने कहा, आरबीआई के निर्देशों, सीआईसी नियमों और संबंधित पत्राचार के प्रावधानों का अनुपालन न करने के पर्यवेक्षी निष्कर्षों के आधार पर, बैंक को नोटिस जारी किया गया था जिसमें उसे यह कारण बताने को कहा गया था कि आरबीआई के निर्देशों और सीआईसी नियमों के उक्त प्रावधानों का अनुपालन न करने के लिए उस पर जुर्माना क्यों न लगाया जाए। बैंक द्वारा नोटिस के जवाब और अतिरिक्त प्रस्तुतियां पर विचार करने के बाद, आरबीआई ने पाया कि बैंक ने कुछ इसतरह के




ग्राहकों के लिए एक और बीएसबीडी खाता खोला था जिनके पास पहले से ही बैंक में बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट अकाउंट (बीएसबीडी) था। इसके अतिरिक्त, बैंक ने बीसी के साथ ऐसी गतिविधियों को करने के लिए एक समझौता किया है, जो बीसी द्वारा की जा सकने वाली गतिविधियों के दायरे में नहीं आती हैं। इसके अलावा, आरबीआई के कहा कि बैंक ने कुछ उधारकर्ताओं के संबंध में क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) को गलत जानकारी दी। आरबीआई ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई वैधानिक और नियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है और इसका उद्देश्य बैंक द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर कोई टिप्पणी करना नहीं है। आरबीआई ने आगे कहा, इसके अलावा, मौद्रिक जुर्माना लगाने का निर्णय आरबीआई द्वारा बैंक के खिलाफ शुरू की जाने वाली किसी भी अन्य कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेगा।

## ओडिशा का हैदराबाद निवेशक सम्मेलन में 67,000 करोड़ का निवेश प्रस्ताव

**भुवनेश्वर।**

हैदराबाद में आयोजित दो दिवसीय निवेशक सम्मेलन में ओडिशा सरकार को लगभग 67,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सम्मेलन में भाग लिया और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को संबोधित किया। इसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को आकर्षित करना और ओडिशा को दीर्घकालिक निवेश का केंद्र बनाना था। सम्मेलन में दवा उद्योग, चिकित्सा उपकरण, नवीकरणीय ऊर्जा, वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी, डाटा सेंटर और उन्नत विनिर्माण में उद्योग की रुचि देखी गई। इस दौरान 13 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए, जिनसे 27,650 करोड़ रुपये के निवेश और लगभग 15,905 रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। इसके अलावा 39,131 करोड़ रुपये के अन्य निवेश प्रस्ताव भी प्राप्त हुए हैं, जिनसे 40,000 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है। माझी ने कहा कि ओडिशा स्थिर नीतियों, प्रतिस्पर्धी लागत और सहयोगपूर्ण प्रशासन के जरिए भविष्य के लिए तैयार निवेश गंतव्य बन रहा है। सम्मेलन में 500 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया और निवेश के अवसरों पर विस्तृत चर्चा हुई।

## आईएचसीएल वेल्लोर में 'विवांता' होटल खोलेगा

**- कंपन ने बीबीके ग्रुप के साथ साझेदारी की**

**चेन्नई।** इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) ने तमिलनाडु के वेल्लोर में 'विवांता' ब्रांड के तहत नया होटल खोलने की घोषणा की है। इस परियोजना के लिए कंपनी ने बीबीके ग्रुप के साथ साझेदारी की है। वेल्लोर का यह होटल कुल 100 कमरों वाला होगा और इसमें समकालीन डिज़ाइन के साथ जीवंत स्थल होंगे। होटल का निर्माण शहर के उभरते बुनियादी ढांचे और बेहतर संपर्क सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। वेल्लोर एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक और औद्योगिक केंद्र है। भारत सरकार के स्मार्ट सिटी मिशन में शामिल होने से शहर की विकास क्षमता और भी बढ़ी है। आईएचसीएल और बीबीके समूह दोनों इस साझेदारी और विवांता ब्रांड की पेशकश को लेकर उत्साहित हैं।



## अमृता खानविलकर ने वेब सीरीज तस्करी को लेकर अपने अनुभव साझा किए

**भारतीय ओटीटी इंडस्ट्री लगातार नए और दमदार कंटेंट के साथ दर्शकों को आकर्षित कर रही है। बड़े फिल्ममेकर्स अब वेब सीरीज के जरिए ऐसी कहानियां लेकर आ रहे हैं, जो पहले कभी पर्दे पर देखने को नहीं मिलीं। इसी कड़ी में मशहूर निर्देशक और निर्माता नीरज पांडे तस्करी नामक नई वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं। इस सीरीज में बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी और लोकप्रिय अभिनेत्री अमृता खानविलकर अहम भूमिकाओं में हैं। यह वेब सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।**

अमृता खानविलकर ने इस वेब सीरीज को लेकर अपनी खुशी और अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा, नीरज पांडे जैसे निर्देशक के साथ काम करना हमेशा खास होता है, क्योंकि उनकी कहानियां वास्तविक और जमीन से जुड़ी होती हैं। तस्करी की शूटिंग का अनुभव बेहद रोमांचक रहा, और इस सीरीज पर काम करते हुए मैंने हर पल कुछ नया सीखा। यह मेरे लिए एक यादगार अनुभव बन गया। अमृता ने कहा, सीरीज में किसी भी तरह के बनावटी सेट का इस्तेमाल नहीं किया गया, बल्कि वास्तविक जगहों पर शूटिंग हुई है ताकि कहानी ज्यादा सच्ची और प्रभावशाली लगे। शूटिंग के दौरान हमें ऐसी जगहों पर जाने का मौका मिला, जो आम लोगों के लिए पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। अभिनेत्री ने कहा, एयरपोर्ट के भीतर के ऐसे हिस्सों में शूटिंग की गई, जहां आम यात्रियों की पहुंच नहीं होती। इसमें एयरपोर्ट के एयरपैड्स और अन्य प्रतिबंधित जोन शामिल थे। इन जगहों पर शूट करना आसान नहीं था। लेकिन, इससे सीरीज की प्रामाणिकता और भी बढ़ गई है। यह अनुभव मेरे करियर के सबसे यादगार पलों में से एक बन गया।
इमरान हाशमी के साथ काम करने के अनुभव को लेकर भी अमृता ने कहा, इमरान हाशमी एक बेहद सरल और विनम्र इंसान हैं। उनके साथ काम करना पेशेवर रूप से अच्छा तो था ही, व्यक्तिगत तौर पर भी काफी सहज और आनंददायक अनुभव रहा। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए अमृता ने बताया कि तस्करी में उनका रोल एक एनर्जेटिक और थोड़ी गुस्सैल लड़की का है। यह किरदार भावनाओं और जोश से भरा हुआ है, जिसे पर्दे पर निभाना उनके लिए काफी मजेदार रहा।


# मुंज्या स्टार अभय वर्मा के साथ नजर आईं नितांशी गोयल शुरू हुई डेटिंग की चर्चा



अभिनेत्री नितांशी गोयल इन दिनों प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ पर्सनल जिंदगी को लेकर भी सुर्खियों में हैं। नितांशी हाल ही में को-स्टार अभय वर्मा के साथ फिल्म देखने पहुंचीं, जिसकी तस्वीर उन्होंने खुद इंस्टाग्राम पर साझा की। अभय को मुंज्या फिल्म के अलावा द फैमिली मैन 2 सीरीज से भी काफी पहचान मिली। इसके अलावा एक्टर के पास कई आगामी प्रोजेक्टर भी मौजूद हैं। पिछले काफी समय से अभय के नितांशी गोयल के साथ नजदीकियों के चर्चे हैं। अब गॉसिप गलियारों की मानें तो दोनों को अक्सर साथ देखा जाता है जिससे ये अफवाहें तूल पकड़ती जा रही हैं।

### मूवी देखने निकले नितांशी और अभय

नितांशी ने इंस्टाग्राम पर अभय के साथ तस्वीर साझा करते हुए फैंस को जानकारी दी कि वो फिल्म देख रहे हैं। फोटो में नितांशी के हाथ में पॉपकॉर्न नजर आ रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने कैप्शन में लिखा है- मैं पहली बार देख रही हूं और वो तीसरी



बार देख रहा है। अंदाजा लगाएं कि कौन कहानी को समझा रहा है। इसके साथ ही नितांशी ने आंखों और पॉपकॉर्न का इमोजी भी लगाया है जिससे पता चल रहा है कि यहां वो फिल्म देखने की बात कर रही हैं।

### नितांशी ने अभय को दी थी जन्मदिन की बधाई

इसी साल जुलाई में अभिनेत्री नितांशी गोयल ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की थी। इसमें उन्होंने अभिनेता अभय वर्मा का एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें एक्टर को केक काटते हुए देखा जा सकता था। इसके साथ नितांशी गोयल ने कैप्शन में लिखा था, 'अभय वर्मा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आप बहुत ही अच्छे इंसान हैं। साथ ही आप बहुत दयालु और शांत होने के साथ एक खास इंसान भी हैं। ये साल आपको ढेर सारी खुशियां और प्यार दें, जिसके आप हकदार हैं।'

### दोनों साथ में कर रहे हैं फिल्म

मीडिया रिपॉर्ट्स की मानें तो साल 2017 की सुपरहिट फिल्म शादी में जरूर आना अब एक नए अध्याय के साथ वापसी करने जा रही है और इस बार लीड रोल में हैं अभय वर्मा और नितांशी गोयल। दोनों की जोड़ी इस फिल्म के सीक्वल में नजर आने वाली है इसलिए भी दोनों अक्सर एक दूसरे के साथ दिखाई दे रहे हैं। पहली फिल्म की तरह इसका निर्देशन भी रत्ना सिन्हा ही कर रही हैं और ये फिल्म बनारस मीडिया के बैनर तले तैयार की जा रही है। फिल्म की कहानी, इस बार भी प्यार, सपनों और जिम्मेदारियों के बीच उलझी भावनाओं को नए तरीके से पेश करने की कोशिश करेगी।



## इक्कीस में भांजे की एक्टिंग से गदगद हुए अभिषेक बच्चन

अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा अपकमिंग फिल्म इक्कीस में सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल का रोल कर रहे हैं। ऋतिक रोशन समेत कई सेलेब्स फिल्म की तारीफ कर रहे हैं। इसमें जयदीप अहलावत और दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र भी नजर आएंगे। आज अगस्त्य नंदा के मामा अभिषेक बच्चन ने फिल्म में उनके काम के लिए तारीफ की है।

### अभिषेक बच्चन ने अगस्त्य नंदा की तारीफ की

सोशल मीडिया पर अभिषेक बच्चन ने एक इमोशनल नोट लिखकर, अगस्त्य नंदा की तारीफ की। इंस्टाग्राम स्टोरी पर अभिषेक बच्चन ने लिखा अगस्त्य, यह बहुत बड़ा सम्मान और जिम्मेदारी है। मुझे यकीन है कि आपने हमारे देश के एक बहुत बड़े हीरो को वह सम्मान और गरिमा दी है जिसके वे हकदार हैं। आप एक बहुत ही ईमानदार एक्टर हैं और अरुण खेत्रपाल जी का किरदार निभाने के लिए आपका समर्पण तारीफ के काबिल है। भगवान का आशीर्वाद आप पर बना रहे।

### अभिषेक बच्चन ने पोस्टर शेयर किया


अभिषेक बच्चन ने इंस्टाग्राम पर इक्कीस का पोस्टर शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा इस विजय दिवस पर देश सबसे पहले। पोस्टर में अगस्त्य नंदा नजर आ रहे हैं।
नव्या नंदा ने अरुण खेत्रपाल को दिया सम्मान
अगस्त्य नंदा की बहन नव्या नंदा ने सोशल मीडिया पर लिखा इस विजय दिवस पर हम भारत के हीरो, सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल को याद करते हैं और उन्हें सम्मान देते हैं। 21 साल की उम्र में उन्होंने वह किया जो ज्यादातर लोग पूरी जिंदगी में नहीं कर पाते। यह हमें याद दिलाता है कि दुनिया बदलने के लिए आपकी उम्र कभी कम नहीं होती! अरुण ने सिर्फ हमारे देश की रक्षा नहीं की। उन्होंने हर युवा भारतीय के लिए एक ऐसा उदाहरण छोड़ा कि वे उठें और किसी बड़ी चीज़ के लिए खड़े हों।

### अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी फिल्म

सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद फिल्म इक्कीस अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।




## 'पठान 2' में होगी जूनियर एनटीआर की एंट्री, शाहरुख से करेंगे टक्कर!



इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर रणवीर सिंह की स्पाई-थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर' धमाका मचाए हुए है। इस बीच अब यशराज फिल्म के स्पाई-यूनिवर्स की फिल्म 'पठान 2' को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। बीते दिनों शाहरुख खान की मौजूदगी में 'पठान 2' के बनने की बात सामने आई थी। इसके बाद अब शाहरुख की इस आगामी फिल्म को लेकर एक नई चर्चा जोरों पर चल रही है। इन चर्चाओं के सामने आने के बाद अब 'पठान 2' को लेकर फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया है।

### 'पठान 2' का हिस्सा बनेंगे जूनियर एनटीआर

सैक्निल्क की रिपोर्ट में ये दावा किया जा रहा है कि स्पाई यूनिवर्स का नया हिस्सा बने जूनियर एनटीआर अब शाहरुख खान की 'पठान 2' में भी नजर आएंगे। चर्चाएं हैं कि 'पठान 2' में जूनियर एनटीआर को लेने की बात चल रही है। ऐसी चर्चा है कि फिल्म में जूनियर एनटीआर की भूमिका सिर्फ एक छोटी सी झलक से कहीं अधिक होगी। वह शाहरुख खान अभिनीत इस फिल्म में या तो समानांतर मुख्य भूमिका में नजर आएंगे या फिर एक खतरनाक विलेन के रूप में दिखाई देंगे। जाहिर है कि जूनियर एनटीआर ने इसी साल रिलीज हुई फिल्म 'वॉर 2' से स्पाई यूनिवर्स में एंट्री की है। ऋतिक रोशन की इस फिल्म में जूनियर एनटीआर निगेटिव किरदार में नजर आए हैं। इस सीक्वल को स्पाई यूनिवर्स में एक महत्वपूर्ण फिल्म माना जा रहा है। जिसके जरिए कहानी धीरे-धीरे एंडगेम जैसी बड़ी टक्कर की ओर बढ़ेगी। फिल्म का विजन पिछली फिल्म से कहीं ज्यादा बड़ा बताया जा रहा है। 'वॉर 2' में जूनियर एनटीआर ने विक्रम का किरदार निभाया था। फिल्म के क्लाइमेक्स में दिखाया गया कि विक्रम ने कबीर (ऋतिक रोशन) के साथ मिलकर भारत को दुश्मनों से बचाने का बीड़ा उठाया था। जिससे वह इस स्पाई यूनिवर्स का एक अहम हिस्सा बन गए थे। अब ऐसी चर्चाएं हैं कि जूनियर एनटीआर विक्रम के किरदार में ही शाहरुख खान स्टारर 'पठान 2' में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया जा रहा है कि आदित्य चोपड़ा जूनियर एनटीआर से अभी बात कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग 2026 में शुरू होने की उम्मीद है, जबकि इसे 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज करने की योजना बनाई जा रही है। हालांकि, अभी तक मेकर्स की ओर से 'पठान 2' को लेकर कोई ऑफिशियल घोषणा नहीं की गई है।

### बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी 'वॉर 2'

स्पाई यूनिवर्स की पिछली फिल्म इसी साल रिलीज हुई 'वॉर 2' थी। काफी बड़े स्तर पर बनाई गई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर वो कमाल नहीं दिखा पाई थी, जिसकी उम्मीद मेकर्स ने की थी। फिल्म को फ्लॉप माना गया और क्रिटिक्स ने भी फिल्म की आलोचना की थी।



# अभिनय हो या निर्देशकीय पारी, कुणाल ने हर भूमिका में खुद को साबित किया



**बतौर चाइल्ड एक्टर फिल्म जख़्म में यादगार अभिनय हो या गोलमाल सीरीज में कॉमिडी या फिर मडगांव एक्सप्रेस की निर्देशकीय पारी, कुणाल खेमू ने हर भूमिका में खुद को साबित किया है। फिर भी इंडस्ट्री ने अब तक उनकी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं किया है। इन दिनों नेटफ्लिक्स पर आई अपनी सीरीज सिंगल पापा के लिए तारीफें बटोर रहे कुणाल खेमू से हमने निजी और प्रफेशनल लाइफ को लेकर की खास बातचीत**

**आपने जख्म से लेकर गोलमाल तक हर बार अपनी प्रतिभा साबित की है। फिर भी आपको उतने बड़े मौके नहीं मिले। आप मानते हैं कि इंडस्ट्री ने आपके टैलंट के साथ न्याय नहीं किया?**

कई बार मुझे भी ऐसा लगा। जब आप उस जोन में रहते हैं तो आपको ऐसा लगता है, लेकिन अब जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो मुझे लगता है कि हमारी जिंदगी में जो कुछ होता है, वो किसी वजह से ही होता है। अगर मुझे उस दबाव में नहीं डाला जाता तो मैं शायद लिखता नहीं। मैं शायद गाने नहीं लिखता, गाने नहीं बनाता, फिल्ममेकर नहीं बनता तो मैं ये मानता हूं कि जब हम ऊपरवाले से कहते हैं कि मुझे मौके दो तो वो ऐसे उठाकर नहीं देता। वह आपको जिंदगी में बहुत सारी चीजें सीखने का मौका देता है। फिर एक पड़ाव या एक उम्र में आपको अहसास होता कि मेरे साथ वो सारी चीजें इसीलिए हुईं ताकि मैं यहां पर पहुंच सकूं।

**आपकी सीरीज सिंगल पापा बच्चों की परवरिश में पुरुषों की भागीदारी पर बात करती है। आपकी बेटी इनाया की परवरिश में कितनी और क्या भूमिका रहती है?**

हमारे केस में ये भागीदारी 70-30 की ही चलती है, क्योंकि सोहा (पत्नी सोहा अली खान) की पर्सनैलिटी ऐसी है कि मेरे मुकाबले वह ज्यादा चीजें करने, ज्यादा चीजें प्लान करना पसंद करती हैं लेकिन मेरा मानना है कि हर कपल के बीच यह समझदारी होनी भी जरूरी है कि आप एक दूसरे के स्पेस में नहीं आएं। कहीं न कहीं आपको तय करना पड़ेगा कि अच्छा वो ये काम करने में बेहतर है और मैं ये काम अच्छा करता हूं। जैसे हम घर चलाने में करते हैं ना कि जिम्मेदारियां बांट लेते हैं, वैसे ही हमने अपनी भूमिकाएं बांट ली हैं। हम जानते हैं कि ये उनकी ताकत है, जबकि मैं इसमें अच्छा हूं। उनको इस चीज में ज्यादा मजा आता है, मुझे शायद मेहनत करनी पड़ती है तो हमने वैसे बांट लिया है और इस तरह हम एक-दूसरे को कॉम्प्लिमेंट करते हैं। मैं इसमें फन पैरंट हूं। मैं इनाया के साथ मस्ती करता हूं और जो डिसिप्लिन करने का काम है वो सोहा ज्यादा करती है। मैं बिगाड़ने वाले में से हूं, वो सुधारने वाले में से है।

**सीरीज में बतौर सिंगल पापा बच्चे अमूल के साथ आपका रिश्ता बहुत ही प्यारा लगा है। बेटी इनाया का पापा होने से इसमें कितनी मदद मिली?**

देखिए, कहीं न कहीं मेरे खुद पिता होने का असर जरूर पड़ा है क्योंकि वो इमोशन मैंने जिए हैं तो वहीं से महसूस करके यहां पर दिखाया गया है। लेकिन एक सच यह भी है कि अमूल यानी हामी जो बच्चा है, वह इतना प्यारा और खूबसूरत है। वो साढ़े तीन-चार महीने का था जब ये शो शुरू हुआ तो मुझे याद है कि वह अपना सिर नहीं संभाल पाता था। हमारे साथ सेट पर उसने अपना सिर संभालना शुरू किया है तो कहीं न कहीं उससे सच में एक जुड़ाव हो गया था और उसे देखकर ही वो इमोशन आ रहे थे।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in